

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 207 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 11 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 08 मूल्य 08 रुपया


# पाकिस्तान ने रात में फिर किया ड्रोन अटैक, कई शहरों में ब्लैकआउट; भारत का जवाबी हमला

**पाकिस्तान ने फिर हमला बोला है. PAK सेना ने शनिवार रात फिर जम्मू से लेकर पंजाब तक हमले की कोशिश की. भारतीय सेना हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है.**

पाकिस्तान अपनी बात पर चार घंटे भी टिक नहीं पाया. दोपहर में सहमति बनी थी कि शनिवार शाम 5 बजे से सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी. लेकिन पाकिस्तान ने रात होते ही फिर हमला बोला. जम्मू से लेकर पंजाब और राजस्थान के कई शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए. जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, 'संघर्षविराम को क्या हो गया? श्रीनगर में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं'. लाइन ऑफ कंट्रोल (LOC) और इंटरनेशनल बॉर्डर (IB) पर भी पाकिस्तानी आर्मी शेलिंग और आर्टिलरी फायर कर रही है. भारत ने पहले ही साफ किया था कि अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी और वैसा ही जवाब दिया जाएगा.




इससे पहले, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने जानकारी दी कि सैन्य कार्रवाई रोकने का समझौता भारत की शर्तों पर हुआ है. उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने फोन पर संपर्क किया था और दोनों देशों ने शाम 5 बजे से संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति जताई. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी अडिग नीति पर कायम रहेगा. इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बड़ी बैठक चल रही है. इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए.

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया था कि अमेरिका की मध्यस्थता में भारत-पाक के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी है.

### कच्छ में फिर पाकिस्तानी ड्रोन हमला, ब्लैकआउट के बीच 9 ड्रोन देखे गए

गुजरात के कच्छ जिले में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमले एक बार फिर तेज हो गए हैं. शनिवार शाम सूर्यास्त के बाद से अब तक जिले में कुल 9 पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए हैं. हरामी नाला और जाखोना क्षेत्रों में 6 से ज्यादा ड्रोन की गतिविधियां दर्ज की गई हैं, जबकि खावड़ा इलाके में तीन ड्रोन नजर आए.

### श्रीनगर में 20 मिनट में 50+ धमाके

शनिवार देर रात श्रीनगर में हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए जब महज 20 मिनट के भीतर 50 से ज्यादा धमाकों की आवाजें सुनी गईं. बेमीना इलाके में पावर ग्रिड स्टेशन के पास गोलीबारी और विस्फोट के विजुअल्स सामने आए हैं. गुलमर्ग की ओर से भी जोरदार धमाकों की खबर है. डल झील, हरि पर्वत और लाल चौक को टारगेट किए जाने की बात कही जा रही है. उधर, पठानकोट में फिर से पूरा जिला अंधेरे में डूब गया है. साम्बा में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है. राजस्थान बॉर्डर के जिलों में भी बिजली काटी गई है. स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है.

## भारतीय चार्टर्ड संस्थान ने अपने 'वित्तीय सैनिकों' से सशस्त्र बलों के साथ खड़े रहने का आह्वान किया




इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने अपने सदस्यों और 14 लाख छात्रों से अपील की है कि वे आगे आएं और पाकिस्तान के साथ मौजूदा गतिरोध में सशस्त्र बलों और राष्ट्र को अपना समर्थन दें।

लगभग 17,000 पिन कोडों और भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट 13 कार्यालयों के साथ, आईसीएआई ने राहत कार्यों में सहायता के लिए स्वयंसेवकों से अपील की है।

संस्थान ने कहा कि वह निकासी में सहायता कर सकता है, विस्थापितों के लिए आश्रय शिविर स्थापित कर सकता है, एम्बुलेंस और ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकता है तथा दवाइयां वितरित कर सकता है। आईसीएआई रक्तदान शिविर और अन्य आपातकालीन सेवाएं आयोजित करने का भी इरादा रखता है। संस्थान ने अपने सदस्यों से सतर्क रहने तथा किसी भी राष्ट्र-विरोधी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का भी अनुरोध किया। आईसीएआई ने कहा कि उसके सदस्य देश की सुरक्षा के लिए हर संभव तरीके से सहायता करने को तैयार हैं।

### अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा की अपील

आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और कहा कि आईसीएआई के सदस्य न केवल शब्दों से बल्कि कर्म से भी देश की सेवा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बिरादरी पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की शहादत को सलाम करती है और आत्मविश्वास से भरे भारत की ओर से एक सशक्त प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन 'सिंदूर' का समर्थन करती है।

उन्होंने कहा, "आईसीएआई सदैव 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत में विश्वास करता रहा है।" "प्रत्येक संकट के दौरान, हमने राष्ट्र की सहायता करने का प्रयास किया है।"

## पहलगाम में धर्म पूछ कर हिंदू नरसंहार,

*अब वैष्णो देवी पर ड्रोन अटैक, क्या चाहता है पाकिस्तान*

नई दिल्ली. पाकिस्तान ने सीजफायर पर आपसी सहमति का महज 4 घंटे में ही उल्लंघन करते हुए कई जगहों पर फिर ड्रोन हमला किया. इसमें गुजरात, राजस्थान के साथ ही जम्मू और श्रीनगर भी शामिल हैं. इनमें से एक ड्रोन को जम्मू के वैष्णो देवी की ओर जाते देखा गया. जिसके बाद से वहां ब्लैक आउट कर दिया गया. इसके साथ ही ये बात साफ हो गई कि पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार के कंट्रोल में वहां की सेना नहीं है. पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अपनी अलग ही सरकार चला रहे हैं.

जनरल आसिम मुनीर की टू नेशन थ्योरी के बयान के बाद ही पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था. कई लोगों का ये मानना है कि मुनीर ने ही पहलगाम के हमले का आदेश जारी किया था. जिसके बाद आतंकियों ने इसे अंजाम दिया. पहले पहलगाम की बैसरन घाटी में लोगों का धर्म पूछकर हिंदुओं का नरसंहार किया गया. अब वैष्णो देवी पर ड्रोन हमला करके पाकिस्तान आखिर क्या



करना चाहता है? इस सवाल का जवाब खोज पाना कठिन है. वैष्णो देवी के त्रिकूट पर्वत पर ड्रोन एक्टिविटी देखी गई है.

### जम्मू और कश्मीर को ही निशाना बनाया

सीजफायर के बाद पाकिस्तानी सेना से सबसे ज्यादा जम्मू और कश्मीर को ही निशाना बनाया है. श्रीनगर में केवल 20 मिनट में ही 50 से ज्यादा धमाकों की आवाजें सुनी गईं हैं. जम्मू, उधमपुर और श्रीनगर में भारी धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं. इन हमलों के बाद साफ हो गया है कि पाकिस्तान की सेना वहां की सरकार की बात को सुन नहीं रही है और जनरल आसिम मुनीर कहीं न कहीं जनरल परवेज मुशर्रफ की तरह खुद को तानाशाह बनाने की राह पर चल निकले हैं.

## आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए 1 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी

**दैनिक समाज जागरण**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शुक्रवार को चल रही विस्तारित निधि सुविधा के तहत पाकिस्तान को लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के तत्काल वितरण को मंजूरी दे दी। वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता ने एक बयान में कहा कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के तहत पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की प्रारंभिक समीक्षा पूरी कर ली है।

एजेंसी ने कहा, "इस निर्णय से लगभग 1 बिलियन अमरीकी डॉलर (एसडीआर 760 मिलियन) का तत्काल संवितरण संभव हो सकेगा, जिससे व्यवस्था




के तहत कुल संवितरण लगभग 2.1 बिलियन अमरीकी डॉलर (एसडीआर 1.52 बिलियन) हो जाएगा।" इसके अतिरिक्त, आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने लचीलापन और स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत लगभग 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (एसडीआर 1 बिलियन) की व्यवस्था के लिए अधिकारियों के अनुरोध को मंजूरी दे दी।

आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के 37 महीने के ईएफएफ को 25 सितंबर, 2024 को मंजूरी दी गई थी, और इसका उद्देश्य "लचीलापन पैदा करना और सतत विकास को सक्षम बनाना" है, जिसमें व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि आरएसएफ प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को कम करने तथा आर्थिक एवं जलवायु लचीलापन बनाने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का समर्थन करेगा।

कार्यकारी बोर्ड की चर्चा के बाद, उप प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष निगेल क्लार्क ने कहा कि परिदृश्य के लिए जोखिम अभी भी उच्च बना हुआ है, "विशेष रूप से वैश्विक आर्थिक नीति अनिश्चितता, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और लगातार घरेलू कमजोरियों के कारण।" भारत ने इससे पहले पाकिस्तान के खराब रिकॉर्ड को देखते हुए आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावकारिता पर चिंता जताई थी, तथा राज्य प्रायोजित सीमापार आतंकवाद के लिए ऋण वित्तपोषण निधि के दुरुपयोग की संभावना पर भी चिंता जताई थी।

## आज सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से 2800 दूर हैं। क्या यह सोना खरीदने का सही समय है?

आज सोने की कीमतेंः स्थिर अमेरिकी फेड दरों के बाद आर्थिक अनिश्चितता की चर्चा के बाद, पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में जोरदार खरीदारी देखी गई। लगातार दो सप्ताह तक गिरावट के बाद, MC सोने की कीमतों में 4% से अधिक की वृद्धि हुई, जबकि पिछले सप्ताह हाजिर सोने की कीमतों में 2.65% की वृद्धि हुई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, यह असमानता मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय रुपये के 1% से अधिक के मूल्य ह्रास के कारण है, जिसने घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में तेजी को बढ़ाया। टउ सोने की दरें शुक्रवार को 96,535 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुईं, जो पिछले सप्ताह के 92,700 के बंद के मुकाबले 3,835 प्रति 10 ग्राम की साप्ताहिक वृद्धि दर्ज करती है। 96,535 के स्तर पर समाप्त होने के बावजूद, MCX पर आज सोने की कीमत 99,358 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर से लगभग 2800 दूर है।

## रणभूमि मे प्राणों के बलिदान देने वाले भारतीय सेना के आत्मा के शान्ति के लिए हुआ हवन ।

गाजियाबाद में हापुड़ मोड़ देहली गेट जी टी रोड देवी मंदिर पर भारतीय सेना के बलिदानी सैनिकों को धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए हवन किया गया। भारतीय सेना के नौजवान सुरक्षित रहें और भारतीय सेना विजयी




हो इसके लिए देवी कवच का पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए वन्दे मातरम्,जय हिन्द, भारतीय सैनिक विजयी भव आदि नारों से वातावरण गूंज उठा। मन्दिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं में भी जोश भर गया उन्होंने भी भारतीय सैनिकों के सम्मान में नारे लगाए।

धर्म रक्षा संघ के प्रदेश प्रवक्ता पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य ने कहा कि जिसे न निज गौरव तथा निज देश पर अभिमान है,वह नर नहीं नर पशु निरा है और मृतक समान है। नवयुवकों में जोश भरने के लिए कहा जो अभी भी खून न खौला, खून नहीं वो पानी है। जो देश के काम न आए वो बेकार जवानी है। पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य ने कहा कि हमारी सेना पाकिस्तान को माकूल जबाब दे रही है। छिपकर और चुपके से बार करना यह पाकिस्तान का स्वभाव है। हमारी सेना मुकाबला करके इनको छटी के दूध की याद दिला देगी। इस अवसर पर संजय गोयल,देवी मंदिर के पुजारी पंडित राम भुवन जी संरक्षक- राकेश शर्मा , परवीन बत्रा महामंत्री सुशील सोनी उपाध्यक्ष विपिन शर्मा गौरव भारद्वाज, उपाध्यक्ष आकाश गुप्ता ,रामकिशन शर्मा मंत्री अमित वर्मा, दीपक गुप्ता पुनीत गोयल , राहुल कटेरिया,ॐ कलेक्शन वाले,विमल शर्मा , राजेश वर्मा,दीपक कटेरिया, कैलाश गुप्ता,कुमुद मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पटना में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से 1.90करोड़ की साइबर ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में सामने आई एक घटना ने फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि कैसे तकनीकी साधनों का इस्तेमाल करके आम नागरिकों को ठगा जा रहा है। इस बार साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड सैन्य अधिकारी को निशाना बनाया और उनसे करीब 1.90 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। यह घटना न केवल आर्थिक नुकसान की कहानी है, बल्कि यह भी दिखाती है कि किस प्रकार से अनुभवी और जागरूक माने जाने वाले व्यक्ति भी इन जालसाजों के शिकार बन सकते हैं। पीड़ित सैन्य अधिकारी हाल ही में सेना से सेवानिवृत्त हुए थे और वे अपनी रिटायरमेंट की रकम को सुरक्षित निवेश करना चाहते थे। इस दौरान उन्हें व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित एक विज्ञापन दिखा, जिसमें मोटे मुनाफे का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने के बाद जालसाजों ने खुद को स्टॉक एक्सचेंज के विशेषज्ञ बताते हुए उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया। साइबर ठगों ने पीड़ित को एक फर्जी ग्रुप 'ICICI स्टॉक एक्सचेंज' से



जोड़ दिया और धीरे-धीरे उन्हें विश्वास में लेकर निवेश करने के लिए उकसाया। शुरू में छोटे लाभ दिखाकर उनका विश्वास जीत लिया गया। फिर ठगों ने बड़े-बड़े निवेश के लिए उकसाना शुरू किया। रिटायर्ड अफसर ने अपनी जमा पूंजी लगाने के अलावा, दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी पैसे भेजे। कुछ समय बाद जब लाभ मिलना बंद हो गया और लगातार नए-नए चार्ज की मांग की जाने लगी, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने तुरंत साइबर थाना जाकर इसकी शिकायत दर्ज करवाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना पटना की अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी में से एक मानी जा रही है। इससे पहले भी पटना में एक रिटायर्ड महिला प्रोफेसर को "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर 3.7 करोड़ रुपये की ठगी का सामना करना पड़ा था। ऐसे मामलों से यह स्पष्ट है कि साइबर ठग लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को फंसाने में लगे हैं। इस प्रकार की घटनाओं से यह सबक मिलता है कि किसी भी निवेश प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी जानकारी लेना, संबंधित संस्था की सच्चाई की जांच करना और किसी भी अनजान लिंक या विज्ञापन पर भरोसा न करना ही समझदारी है। सरकार और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को चाहिए कि वे इस तरह की घटनाओं से जनता को समय-समय पर जागरूक करती रहें।

## योगी सरकार के प्रयास से यूपी को हरा-भरा करने के लिए फिर एकजुट हुए विभाग

## 35 करोड़ पौधे लगाने के लिए वन विभाग ने शुरू की तैयारी

**वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे**

**सभी 18 मंडल योगी सरकार के प्रयास को बढ़ाएंगे आगे, पौधों की उपलब्धता की जा रही सुनिश्चित**

**जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगा वन महोत्सव**

लखनऊ, 10 मईः प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर फिर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। योगी सरकार के प्रयास और जनसहयोग का ही असर है कि भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। योगी सरकार का निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।

### जुलाई प्रथम सप्ताह से वन महोत्सव का होगा आयोजन

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलाई के प्रथम सप्ताह (1 से 7 जुलाई) में वन महोत्सव मनाया जाएगा। पौधरोपण के लिए जिलावार, विभागवार, ग्राम पंचायत स्तर व शहरी निकाय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर शत प्रतिशत लक्ष्य तय किया जाएगा। इसके पहले पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर भी वृहद पौधरोपण कराया जाएगा।

### लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण कराएंगे सभी विभाग

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से लगभग 14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, राजस्व विभाग की ओर से 1.05 करोड़ पौधरोपण की तैयारी है। इसके अलावा अन्य विभाग भी लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण कराएंगे।

### पौधरोपण के लिए इन भूमि का किया गया चयन

योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए।

### योगी सरकार का जनसहयोग पर जोर

योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि जनसहयोग से ही पौधरोपण कराया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। व्यापक सक्रिय जनसहभागिता व समस्त सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसाइटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, व्यापार मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) आदि की भी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी।

# युद्ध विराम समझौता तोड़ा पाकिस्तान न्यौत रहा अपनी तबाही

**डॉ घनश्याम बादल**

अभी युद्ध विराम की घोषणा की स्याही सूखी भी नहीं थी की बेगैरत पाकिस्तान ने अपने वचन से मुकरते हुए भारत पर एक बार फिर ड्रोन हमला किया और एलओसी पर भी भारी गोलीबारी की । हालांकि मुस्तैद भारतीय सेना ने न केवल मुंह तोड़ जवाब दिया है अपितु पाकिस्तान को भारी नुकसान भी झेलना पड़ा है । अब दुनिया को सोचना पड़ेगा कि ऐसे देश का क्या किया जाए जिसके वचन और जबान का कोई भरोसा ही न हो ।

अभी कल रात तक देशभर में जोश, गुस्सा, चिंता और दुश्मन को सबक सिखाने का जज्बा पूरी तरह हावी था । देश के सारे मीडिया चैनल और अखबार अपने-अपने तरीके से युद्ध की खबरों को टीआरपी के मसाले में लपेटकर पेश कर रहे थे । एंकर चीख - चीख कर पाकिस्तान के नेस्तानाबूद, होने वहां के एयर डिफेंस सिस्टम के तबाह होने और कितने ही आतंकवादियों के मरने, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा सेना के खिलाफ शस्त्र उठाने के साथ-साथ युद्ध का जोश परोस रहे थे ।

6 एवं 7 मई की रात को जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करके उन्हें भारी क्षति पहुंचाई तब देश की सेना एवं राजनीतिक नेतृत्व की प्रशंसा के कसीदे सारे देश में काढ़े गए । वास्तव में यह एक बड़ा निर्णय भी था और साहसिक कदम भी। साथ ही साथ कहा जाए तो 26 पर्यटकों की मौत के बदले कए लिए ऐसा होना जरूरी भी था ।

जिस तरह पहले दिन की रिपोर्ट आई और मीडिया के अनुसार कहा गया कि पाक बदहवास है, वहां घबराहट और भय का माहौल है तो पाकिस्तान की हिम्मत नहीं होनी चाहिए थी भारत पर प्रतिघात करने की । लेकिन गीदड़ भभकियों के साथ-साथ पाकिस्तान 8 मई की रात को अपने एयर स्ट्राइक और जम्मू कश्मीर सीमा पर भारी गोलाबारी के साथ अकड़ भरी बेहूदगी दिखाने पर उतर आया। जिस तरह उसने करीब एक घंटा लगातार हमले किए वह चिंता का सबब था लेकिन हमारे एस 400 के के सुरक्षा चक्र ने उनकी मिसाइलों एवं ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया तो एक बार फिर से भारतीयों का सीना गर्व से फूल उठा । उधर पुंछ जम्मू, राजौरी, श्रीनगर, अवंतीपोर जैसे इलाकों में भारी गोलाबारी करके उसने आम नागरिकों के जीवन एवं घरों तथा खेतों को क्षति पहुंचाई और तब तक उसे चैन नहीं पड़ा जब तक भारतीय सेवा ने एक बार फिर से अपने अचूक निशाने के साथ उसके सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं बोला।

यदि सूत्रों की मानें तो उसी दिन उसका कराची पोर्ट लगभग तबाह हो गया, लाहौर तक में हमारी मिसाइल गिरी और हमले की फि राक में आए उसके दो एफ 16 एवं दो जेट फाइटर 17 नष्ट किए गए, 8 मिसाइल और बड़ी संख्या में उसके ड्रोन भी नष्ट हुए जो उसने आतंक का समर्थन कर रहे तुर्कीए से ले रखे थे । खैर न उसके काम अमेरिकी एफ 16 आए, न चीन के जेट फाइटर 17 उसे सफलता दिला सके साफ सी बात है कि सफलताएं साधनों से नहीं साधना एवं प्रशिक्षण से मिलती है और उस देश में प्रशिक्षण केवल आतंकवादियों को दिया जाता है जो कायरों की तरह छुपकर हमला करते हैं और निदोर्षों की जान ले लेते हैं । नुकसान आतंकवादियों का भी कम नहीं हुआ उनके नौ ठिकाने पहले ही दिन नष्ट हुए और अगले दिन भी 12 ठिकानों को भारी नुकसान हुआ। 5 बड़े आतंकवादी मारे गए,मारे तो बहुत गए होंगे मगर पांच तो बड़े कुख्यात रहे।

इस बीच पाकिस्तान ने भारत के एयर बेस ठिकानों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। पठानकोट, जालंधर व जैसलमेर जैसे सैन्य ठिकानों पर उसने हमले करने की कोशिश की पर मुंह की खाई । कुल मिलाकर कह सकते हैं कि इस संघर्ष में पाकिस्तान के हाथ कुछ नहीं आया । सारी हेकड़ी भी निकल गई बदनामी तो खैर उसकी पहले से ही दुनिया भर में है । बहुत सारे संसाधनों का नष्ट होना इस देश के लिए ऐसा ही है जैसे कंगाली में आटा गीला होना जिस अनाड़ीपन से पाकिस्तान ने हमले किए वह भी वहां की सेना के तकनीकी प्रशिक्षण एवं क्षमता पर बड़े सवाल खड़े कर गया।

खैर युद्ध विराम की घोषणा हो गई है और इस सारे प्रकरण में सबसे ज्यादा भद्द पिटी है शहबाज शरीफ सरकार की, जो इस स्थिति में भी वहां नहीं रही कि वह अपनी सेना को युद्ध विराम के लिए भी मना सके आशंकाएं तो यह भी है कि 1999 की तरह ही इस बार भी वहां के जनरल ने अपनी मनमर्जी चलाते हुए यह संघर्ष शुरू किया ।

खैर यह पाकिस्तान का अंदरूनी मामला है वहां लोकतंत्र और सेना के बीच हमेशा से कुश्ती होती रही है जो आगे भी चलेगी और यदि वहां की सरकार ने सेवा की लगाम नहीं कसी तो हो सकता है आने वाले कुछ महीनो में ही शाहबाज शरीफ भी इमरान खान की तरह ही या तो किसी जेल में दिन काट रहे हों या अपने बड़े भाई नवाज शरीफ की तरह विदेश जाने को मजबूर हो जाएं।

भले ही बयान वीर लोग इस युद्ध विराम की आलोचना करें लेकिन सच यही है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता बल्कि समस्याओं की वजह से युद्ध होते हैं और युद्ध के बाद समस्याएं मुंह बाए लड़ने वालों के सामने खड़ी होती हैं।

अभी इस युद्ध विराम पर बहुत अधिक कुछ कहना ठीक नहीं होगा । अब भारत अपनी कितनी शर्तें मनवा पाया और पाकिस्तान अपनी नाक कितनी बचा पाया इसका पता तो 12 मई को दोनों देशों के बीच होने वाले वाली बैठकों के बाद ही पता चल पाएगा।

इस सीज फायर के पीछे जिस तरह अमेरिका एवं ईरान तथा सऊदी अरब सक्रिय होकर लगे इसके लिए इन देशों की भी प्रशंसा करनी होगी अन्यथा यह भी बहुत संभव था कि दक्षिण एशिया भी रूस एवं यूक्रेन की तरह युद्ध की लपटों से लंबे समय तक झुलस सकता था।

हां, एक बात बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत इस युद्ध विराम से पैदा हुई शांति से भ्रांति या गफलत में न रहे। हमारे पड़ोसी का इतिहास हम जानते हैं इसलिए 24 घंटे हमें उसकी सेना, आईएस आई, वहां के दहशतगर्द और देशभर में फैली उनकी स्लीपिंग सेल्स पर न केवल निगाह रखनी होगी बल्कि उनका एक परमानेंट इलाज भी ढूंढना होगा अन्यथा स्थिति में तो संघर्ष होते रहेंगे सीज फायर भी होते रहेंगे और समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहेगी । उम्मीद है हमारा वर्तमान मजबूत संकल्प वाला नेतृत्व और क्षमतानान सेना देश की उम्मीद पर खड़ा उतरते रहेंगे।

# देश से संवाद क्यों नही कर रहे प्रधानमंत्री जी ?

**समाज जागरण**




ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ते तनाव के बीच देश, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात जानने को बेचैन है. आपरेशन सिंदूर शुरू हुए तीन दिन बीत चुके हैं. सेना, विदेश मंत्रालय लगातार अपडेट दे रहा है लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपनी आदत के मुताबिक अब तक रात 8 बजे दूरदर्शन के जरिए देश से रूबरू नहीं हुए. ऐसे में कहा जा सकता है कि-'बडी देर भयी नंदलाला,,,,,,,

आपरेशन सिंदूर पर आर एस एस प्रमुख डा मोहन भागवत भी बोल चुके हैं लेकिन मोदी जी चुप्पी साधे हुए हैं. ये चुप्पी जरूरी है या मजबूरी पता नहीं किंतु मोदी जी की चुप्पी की वजह से देश में बेचैनी है. ये पहली बार हो रहा है कि सदैव वाचाल रहने वाले मोदी जी चुप क्यों हैं? वे न मन की बात कर रहे हैं और न अब तक उन्होने कोई पाडकास्ट या साक्षात्कार किया है

छनकर आने वाली खबरों के मुताबिक मोदी जी ने गुरुवार को सरकारी विभागों को आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने, संचार में व्यवधान को रोकने, दहशत को दूर करने और आकस्मिकताओं से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।लेकिन मै इसे आधिकारिक सूचना होने का दावा नहीं कर सकता.सरकारी विभागों के साथ बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का यही संदेश था कि लंबे समय के लिए तैयार रहें।

देश के नाम चीन्ह अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से खबर आई है कि प्रधानमंत्री जी ने विभागों को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और घबराहट में खरीददारी पर कड़ी नजर रखने और किसी भी 'फर्जी खबर' को नकारने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जहां से छोड़ा था, वहीं से अपनी बात शुरू की, जहां एक सूत्र ने उनके हवाले से सहकर्मियों से कहा 'यह तो बस शुरूआत है'। मंत्रिमंडल की बैठक भारत द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शि-विरों पर सटीक हमले करने के ठीक बाद हुई है.

लगभग 20 सचिवों की एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे उनके निदेर्शों को पूरा करने के लिए पहल करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसमें महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा शामिल है। पीएमओ की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशनल निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

सचिवों को अपने-अपने मंत्रालयों और विभागों के संचालन की व्यापक समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह देखा जा सके कि आवश्यक प्रणालियों के कामकाज में कोई गड़बड़ी न हो और उन्हें किसी भी साइबर हमले से बचाया जा सके। परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, उपभोक्ता मामलों के विभागों के सचिवों के साथ-साथ बुनियादी ढांचा क्षेत्र के सचिव भी इस बैठक में शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक सचिव को किसी भी संकट से निपटने के लिए मौजूद प्रणालियों के बारे में बोलने के लिए कुछ मिनट दिए गए।

मै बार-बार कह रहा हूं कि देश अघोषित युद्ध और अघोषित आपातकाल से गुजर रहा है इसलिए जनता को भी इसी हिसाब से मानसिक रूप से तैयार किया जाना चाहिए, अन्यथा भ्रम बना रहेगा. जमाखोरी, मुनाफाखोरी और आपदा में अवसर तलाशने वाले सक्रिय है सकते है. कोविड के दौरान हम सब ये देख चुके हैं.

आपको बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बढ़ते हालातों के बीच भारत सरकार ने बड़ा और एहतियाती कदम उठाते हुए देश के कुल 32 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यह पाबंदी 9 मई 2025 से शुरू होकर 14 मई 2025 तक लागू रहेगी, जो 15 मई को सुबह 5:29 तक प्रभावी मानी जाएगी।

शुरू में लग रहा था कि आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अक्ल आ जाएगी लेकिन अब लगता है कि पाकिस्तान की सेना बाज आने वाली नहीं है. ताजा सूचनाओं के मुताबिक उत्तरी कश्मीर के बारामूला से लेकर गुजरात के भुज तक पाकिस्तान ने शुक्रवार को ड्रोन अटैक किया. 9 मई को पाकिस्तानी सेना ने 26 इलाकों पर ड्रोन से हमला किया. बीते दो दिनों में पाकिस्तान 36 जगहों पर ड्रोन से हमला कर चुका है. गुरुवार के हमले में पाकिस्तान ने सिर्फ ड्रोन का इस्तेमाल किया था, लेकिन शुक्रवार के हमले में उसने ड्रोन के साथ हथियार भी इस्तेमाल किया. पाकिस्तान के हमले का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है. भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के विफल कर दिया.

खुदा न खास्ता ये टकराव यदि औपचारिक युद्ध में तब्दील होता है तो समस्याएं बढेंगी ही. ऐसे में यदि प्रधानमंत्री जी खुद राष्ट्र से रूबरू हो लें तो बेहतर है. कायदे से तो अब तक संसद का आपात सत्र बुलाकर देश के सामने वस्तुस्थिति रख देना चाहिए थी. बहरहाल तेल देखिए और तेल की धार देखिए. जागते रहिये, जगते रहिए.

@ राकेश अचल

**@ राकेश अचल**

# सेना के साथ खड़ा भारत, सत्ता के लिए लड़ता पाकिस्तान

संजय सक्सेना,वरिष्ठ पत्रकार

हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में जिस तरह से सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हर मुद्दे पर तलवारें खींची नजर आती थी,उस-के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह से दोनों धड़ों में एकजुटता देखने को मिल रही है,उससे देश की आम जनता काफी खुश है,वहीं पाकिस्तान में इसके उलट नजारा नजर आ रहा है। पड़ोसी मुल्क में विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को कोसने और उन्हें नाकाबिल नेता साबित करने में लगा है। मोदी और शरीफ की तुलना शेर और सियार के रूप में की जा रही है।



बहरहाल,भारत के लिये यह सुखद है कि आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार के हर कदम पर विपक्ष बिना किसी शर्त के पूरी मजबूती से खड़ा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे राजनीतिक परिदृश्य में एक अद्भुत परिवर्तन देखा गया है। विपक्षी दलों ने इस बार न केवल स-रकार का समर्थन किया बल्कि सेना के साहस और कार्रवाई की खुलकर सराहना की। इससे पहले उरी और पुलवामा हमलों के बाद जिस तरह से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे, और बीजेपी ने उन्हें राष्ट्र विरोधी खांचे में रखकर सियासी नुकसान पहुंचाया था, उस पृष्ठभूमि में यह बदलाव बेहद अहम है। यह न केवल राजनीति की परिपक्वता को दशार्ता है, बल्कि यह भी बताता है कि देश की सुरक्षा के मुद्दे पर भारत अब एक स्वर में बोल रहा है।

गौरतलब हो, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले ने न केवल आम जनता की भावनाओं को आहत किया, बल्कि विपक्षी दलों के लिए भी एक चुनौती खड़ी कर दी थी कि वे इस मुद्दे को किस रूप में लें। कांग्रेस और अन्य प्रमुख दलों ने बिना देर किए केंद्र सरकार को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इससे भी बड़ी बात यह थी कि उन्होंने सुरक्षा और खुफिया तंत्र की संभावित चूक का मुद्दा उठाने के बावजूद, इसे राजनीति का विषय नहीं बनने दिया। यह देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए विपक्ष का एक परिपक्व और जिम्मेदार रवैया था।

भारतीय सेना ने इस हमले के जवाब में पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक और प्रभावशाली कार्रवाई की। सेना की इस जवाबी कार्रवाई को विपक्ष की ओर से न केवल समर्थन मिला बल्कि सराहना भी हुई। कोई सवाल नहीं, कोई प्रमाण की मांग नहीं, कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं बस एक सुर में सरकार और सेना के साथ खड़े रहने की भावना। ॠभारत माता की जयॠ और ॠजय हिंदॠ के नारों के साथ विपक्षी नेता भारतीय सेना के साथ नजर आए। यह एक ऐसी तस्वीर थी जो 2016 के उरी हमले या 2019 के पुलवामा हमले के बाद नजर नहीं आई थी।

उरी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तो कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने उस पर सवाल उठाए थे। बीजेपी ने इस मुद्दे को राष्ट्रवाद बनाम राष्ट्र विरोधी के तौर पर पेश करके राजनीतिक लाभ उठाया था। ठीक ऐसा ही पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान हुआ था। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सबूत मांगे थे, जिसके चलते पार्टी को व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा था। राहुल गांधी ने भी सेना के शौर्य पर विश्वास जताने के साथ-साथ पीएम मोदी पर जवानों के बलिदान की राजनीति करने का आरोप लगाया था। इन बयानों से कांग्रेस को चुनावी मैदान में भारी नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन इस बार कहानी बदली हुई है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस ने अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को रोक दिया, पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारण संस्था कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक बुलाई गई और राहुल गांधी ने स्वयं सेना को समर्थन देने का ऐलान किया। प्रियंका गांधी वाड्रा के सुझाव पर कांग्रेस ने अपनी ष्संविधान बचाओष रैली स्थगित कर दी, ताकि सेना के प्रति एकजुटता और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश स्पष्ट रूप से जाए। यहां तक कि कर्नाटक कांग्रेस ने भी अपनी उस सोशल मीडिया पोस्ट को हटा दिया, जिसमें शांति को सबसे बड़ा हथियार बताया गया था जो शायद मौजूदा माहौल में सेना के ऑपरेशन के संदर्भ में गलत संदेश दे सकती थी।

कांग्रेस के इस नए रुख के साथ ही अन्य विपक्षी दल भी उसी दिशा में नजर आए। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से बात करके अपनी पार्टी का पूरा समर्थन देने की घोषणा की। यूपीए सरकार में रक्षा मंत्री रहे ए के एंटनी, जो अक्सर मोदी सरकार के आलोचक रहे हैं, उन्होंने भी ऑपरेशन सिंदूर को ॠएक मजबूत शुरूआतॠ बताया और सेना की निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, जो पहले सर्जिकल स्ट्राइक के बाद राहुल गांधी के शब्दों की आलोचना कर चुके थे, उन्होंने भी इस बार सेना के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरा देश एकजुट है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने भी ऑपरेशन सिंदूर की खुलकर सराहना की और जवानों को सलाम किया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, जो अक्सर मोदी सरकार के आलोचक रहते हैं, उन्होंने भी इस बार सरकार के सुर में सुर मिलाया और पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। यहां तक कि वामपंथी दलों ने, जो आमतौर पर सैन्य कार्रवाई पर संयम बरतने की बात करते हैं, उन्होंने भी पहलगाम हमले के बाद सरकार और सेना के साथ खड़े होने की बात कही। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने भी माना कि इस बार भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

यह पूरा घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए एक नई दिशा का संकेत है। यह दशार्ता है कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे पर अब राजनीतिक दल न केवल एकजुट हैं, बल्कि अपने पुराने सियासी रवैये की भी समीक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस का यह नया रुख जहां उसे राष्ट्रवादी विमर्श में खुद को फिट करने में मदद करेगा, वहीं अन्य विपक्षी दलों के लिए भी यह संदेश है कि जनता अब केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि एकजुटता और जिम्मेदारी की राजनीति देखना चाहती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी नीति न तो नरम है, न ही विभाजित। यह केवल केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम नहीं, बल्कि विपक्ष की परिपक्व भागीदारी का भी प्रतिबिंब है। अगर इस रुख को भविष्य में भी कायम रखा गया, तो यह न केवल देश की आंतरिक राजनीति को परिपक्व बनाएगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की छवि को और सुदृढ़ करेगा।

बात पाकिस्तान की कि जाये तो वहां सेना,सरकार और विपक्ष के बीच तलवारें खींची हुई हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की सैन्य और रणनीतिक स्थिति डगमगाई हुई है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान की सियासत भी बुरी तरह बिखर गई है। जब देश को एकजुट होकर संकट का सामना करना चाहिए, तब पाकिस्तानी नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और विपक्ष के बीच बढ़ती खींचतान ने पूरे मुल्क को असमंजस में डाल दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने मौजूदा सरकार पर सेना के साथ मिलीभगत और गलत फैसलों का आरोप लगाया है, वहीं सरकार का कहना है कि इमरान खान जैसे नेता युद्ध के समय भी राष्ट्रविरोधी बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे। संसद में तीखी बहस के दौरान विपक्षी नेताओं ने सेना की विफलताओं पर सवाल खड़े किए, जिससे देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और कमजोर हुई। इस बीच, पाकिस्तानी सेना और सरकार के बीच भी समन्वय की कमी साफ नजर आ रही है। मीडिया में लीक हो रही जानकारियों के मुताबिक, कई रक्षा फैसलों पर सेना और सरकार की राय अलग-अलग रही है, जिससे फ्रंट पर रणनीतिक भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इससे देश के आम नागरिकों में असुरक्षा और निराशा का माहौल है। जानकार मानते हैं कि इस समय पाकिस्तान को सबसे बड़ा खतरा भारत से नहीं, बल्कि अपनी बिखरी हुई राजनीतिक नेतृत्व और कमजोर रणनीतिक सोच से है।




## तेरे ऊपर आशीष देश की, सबके राज दुलारे हो

सैनिक भाई साथ आपके खड़ा
है पूरा भारत
राष्ट्र करें अभिनंदन जन जन
करता स्वागत।

शौर्य आपका जग जाने,
कीरत दुनिया गाती है
तिलक ललाट से लगकर,
कितना खूब सुहाती है।

चौड़ा सीना चौड़े कंधे, बल
से भरी भुजाएं हैं
रणबांकुरों की गर्जना से,
गूंजे दशो दिशायें है।

मेरे सैनिक निरपराध
का,करते नहीं संहार
बैरी को बख्शें नहीं,देते
उनकी भुजा ऊखार।

तेरे ऊपर आशीष देश
की,सबके राज दुलारे हो
तेरे रक्षक बजरंगबली है,तुम
भी उनके प्यार हो।

दुश्मन सुन लो भारत के,
वीरों की ललकार
घर में घुसकर मारूंगा,शस्त्र
जाएगा सीमा पार।

घुटने टेको माफी
मांगो,अभय दान मिल
जाएगा
उल्टा पुल्टा कुछ सोचा
तो,बेमौत तू मारा जाएगा।

**प्रणय कुमार सिंह वाराणसी**

**11 मई - मदर्स डे पर विशेष**

**माँ हर हाल में माँ होती है...!**

देखिए, माँ तो हर हाल में माँ होती है,
बच्चों के लिए तो सारा जहां होती हैं।
अपने आंचल में सभी गम छुपाती है,
सबके होठों पर मुस्कान ले आती हैं।
बच्चों को पालके सारी नींदे गंवाती हैं,
उसके चेहरे पर शिकन नहीं आती हैं।

देखिए, माँ तो हर हाल में माँ होती है,
बच्चों के लिए तो सारा जहां होती हैं।
वो सभी को भरपेट खाना खिलाती है,
खुद सभी के बाद बचा हुआ खाती हैं।
न कोई शिकवा, शिकायत न फरियाद,
दिल से देती हैं दुआ सदा करती याद।

देखिए, माँ तो हर हाल में माँ होती है,
बच्चों के लिए तो सारा जहां होती हैं।
माँ के बिना तो सब कुछ ही अधूरा है,
यह उसकी मोह-माया से हुआ पूरा है।
मंदिर की मूरत नहीं ईश्वर से कम नहीं,
हर दर्द की दवा,उसके बिन कुछ नहीं।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में सीडीपीओ ने किया वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण

**SAM U MAM बच्चों की स्थिति का पोषण ट्रैकर और ई-कवच से हुआ सत्यापन**

**पोषण सत्र में आवश्यक दवाएं उपलब्ध, बीपी मशीन मिली खराब**

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अनुपस्थिति पर कार्रवाई के निर्देश**



गौतम बुद्ध नगर, 10 मई 2025 जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ग्राम सिरसा में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के नेतृत्व में बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर (सीडीपीओ) संध्या सोनी द्वारा किया गया।

सत्र में यूनिसेफ के बीएमसी शिवेंद्र श्रीवास्तव ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से SAM (गंभीर रूप से कुपोषित) और MAM (मध्यम रूप से कुपोषित) बच्चों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। एएनएम द्वारा बताए गए बच्चों का पोषण ट्रैकर और ई-कवच पोर्टल के माध्यम से सत्यापन किया गया, जिसमें सृष्टि, तन्वी, चिराग और पूजा को MAM श्रेणी में सही पाया गया।

सीडीपीओ ने निर्देशित किया कि सभी SAM व MAM बच्चों की जानकारी समय पर ई-कवच पोर्टल एवं पोषण ट्रैकर पर अपलोड की जाए। निरीक्षण के दौरान एएनएम इमलेश भाटी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता उपस्थित पाई गईं। सत्र में आवश्यक दवाएं और लॉजिस्टिक सामग्री उपलब्ध थी, हालांकि बीपी मशीन कार्यशील नहीं मिली। इसके अतिरिक्त, एएनएम ने अवगत कराया कि ग्राम डाढ़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से सत्रों में उपस्थित नहीं होती हैं। इस पर सीडीपीओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 583602 वादों का किया गया निस्तारण



**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 10 मई, 2025 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर मलखान सिंह द्वारा 10.05.2025 को दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुये। श्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये वादों से संबंधित विवरण उपलब्ध कराये गये।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री मलखान सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 10.05.2025 को मुख्यालय व तहसील स्तर आयोजित किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 148689 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 86082 मामले तथा बैंक द्वारा 305 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 35 मामलें व यू0पी0पी0सी0एल द्वारा 3410 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 353 मामलें व धनराशि 16788641 है, पुलिस विभाग द्वारा 8265 मामलों का निस्तारण किया गया। बी0एस0एन0एल0 द्वारा 59 मामलें तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऑन लाईन प्रार्थना पत्र व कमर्शिल मीडिएशन व मीडिएटर द्वारा 106 मामले निस्तारित हुये तथा यातायात विभाग द्वारा 302300 मामलों का निस्तारण किया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा 20526 मामलों का निस्तारण किया गया। खाद्य एंव रसद विभाग द्वारा 2982 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 417591 मामलें निस्तारित हुये, बाट माप विभाग द्वारा 168 मामलों का निस्तारण किया गया। श्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 583602 वाद निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न हैः- श्री मलखान सिंह, जिला जज 02 वादों का निस्तारण किया गया। श्री वत्सल श्रीवास्तव, पीठासीन अधिकारी, मोटा दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 12 वाद व समझौता धनराशि 5375000 है। श्री बुद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 15 वाद है। श्री रविन्द्रनाथ दुबे, पीठासीन अधिकारी, कामर्शियल कोट-1 द्वारा 05 वाद व समझौता धनराशि 10430253 है। श्री कुनाल वेपा, पीठासीन अधिकारी, कॉमर्शियल कोर्ट-2 द्वारा 05 वाद व समझौता धनराशि 14203009 है। श्री विजय कुमार हिमॉशु, अपर जिला जज, पोक्सो अधिनियम द्वारा 24 वाद है। श्री संजय सिंह, अपर जिला जज-तृतीय द्वारा 461 वाद व जुमार्ना धनराशि 5672890 है। श्रीमती बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 09 वाद हैं। श्री सौरभ द्विवेदी, अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा 01 वाद है। श्रीमती बबीता पाठक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 37966 वाद व जुमार्ना धनराशि 8033140 हैं। श्री मयंक त्रिपाठी सिविल जज सी0डि0 द्वारा .36वाद व समझौता धनराशि 27199253 हैं। श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा 1251 वाद जुमार्ना धनराशि 261750 है। श्री रवि कुमार सागर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय द्वारा 2591 वाद व जुमार्ना धनराशि 174430 है। श्री सुमित कुमार अपर सिविल जज सी0डि0 एफ0टी0सी0 द्वारा 1612 वाद व जुमार्ना धनराशि 19717000 है। श्रीमती रिचा शुक्ला सिविल जज जू0डि0 व पीठासीन अधिकारी वर्चुअल कोर्ट द्वारा 101000 चालान में जुमार्ना धनराशि 4055450 है। श्री शौर्य चैहान, सिविल जज जू0डि0 जेवर द्वारा 65 वाद व जुमार्ना धनराशि 9890 है। श्रीमती आकृति, अपर सिविल जज जू0डि0-प्रथम द्वारा 2953 वाद तथा जुमार्ना धनराशि 238400 है। श्री प्रभात कुमार , अपर सिविल जज/एफटीसी द्वारा 188 वाद एवं जुमार्ना धनराशि 24150 है। श्री राजेन्द्र कुमार-तृतीय, विशेष न्यायाधीश, न्यायालय एनआईएक्ट द्वारा 31 वाद व समझौता धनराशि 19040017 है। श्री प्रदीप कुमार कंसल अतिरिक्त न्यायालय-1 द्वारा 195 वाद धनर्रााशि 21240000 है। श्री नलिन कॉंत त्यागी अतिरिक्त न्यायालय संख्या-2 द्वारा 243 वाद व 49719095 समझौता धनराशि है। श्री अनिल कुमार, पीठासीन अधिकारी, जिला उपभोक्ता न्यायालय द्वारा 22 वाद व समझौता धनराशि 13087046 है। श्री प्रमोद कुमार शर्मा अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत द्वारा 01 वाद है। इस प्रकार जनपद स्थित न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 148689 वादों का निस्तारण किया गया

राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 3109 मामलें तथा यमुना प्राधिकरण द्वारा 179 प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा 8265 मामलों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि समस्त विभागों से प्राप्त विवरण के अनुसार राजस्व के 86082 वाद निस्तारित हुयें।

उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 583602 मामलों का निस्तारण हुआ। जिसमें समझौता धनराशि 251129849 है।

दिनांक 10.05.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित बैंक, बीएसएनएल व एनपीसीएल द्वारा न्यायालय परिसर में लगाये गये स्टाल का भ्रमण माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा किया गया जिसमें इन्डियन बैंक रबूपुरा के प्री-लिटिगेशन के अन्तर्गत दो ऐसे मामलें चिन्हित हुये जिसमें बैंक द्वारा निर्धारित बकाया धनराशि को अदा करने में प्रार्थी सक्षम नही थे। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा दोनों व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति व परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित बैंक को निर्देशित किया गया। जिसमें खाता धारक अंकुर पुत्र रोहताश पर बकाया धनराशि 192000 के सापेक्ष अंकन 110000 धनराशि बैंक में अदा किये जाने पर निस्तारित हुआ तथा अन्य खाता धारक फूल पुत्र बिहारी सिंह पर बकाया धनराशि 223636 के सापेक्ष में अंकन 75000 धनराशि की अदायगी बैंक में अदा किये जाने पर निस्तारित हुआ। प्रार्थीगण को धनराशि जमा करने हेतु 30 दिन का अतिरिक्त समय भी प्रदान किया गया। दोनों खातेदार व्यक्तियों द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय का आभार व्यक्त किया गया।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 12 मई से 5 जून तक, सामान्य हेतु 250 व आरक्षित हेतु 150 शुल्क निर्धारित

लखनऊ, 10 मई, 2025ः प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में संचालित व्यवसायों तथा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 149 राजकीय संस्थानों में संचालित 11 दीर्घकालीन व्यवसायों में सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 मई से प्रारंभ हो रही है। अभ्यर्थियों को 5 जून, 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

अभ्यर्थी वेबसाइट www.scvtup.inपर जाकर "Online Submission of Application for Admission for Session 2025-26 for Government/Private ITI" लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया के दौरान मोबाइल नम्बर का OTP सत्यापन अनिवार्य है। आवेदन शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग अथवा यूपीआई के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पेमेंट गेटवे से किया जा सकेगा।

**आवेदन शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है —**

सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 250 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 150। आवेदन के बाद अभ्यर्थी अपने फॉर्म का प्रिंटआउट प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन में त्रुटियों के संशोधन हेतु 2 दिन (48 घंटे) का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा अधिशासी निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), उत्तर प्रदेश अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विस्तृत विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार डाउनलोड या प्रिंट कर सकते हैं।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर विधिक कार्यवाही की गई



**समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद न्यायालय में संचालित राष्ट्रीय लोक अदालत में आम जनमानस की ई-चालान सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु उ0नि0 यातायात श्री विनोद कुमार, मु0आ0 सुरेश चंद सोनकर व मु0आ0 प्रदीप कुमार राम द्वारा आज जनपद न्यायालय मे कैम्प लगाया गया जिससे आम जनमानस को ई-चालान सम्बन्धित समस्याओं हेतु न्यायालय परिसर मे भटकना ना पड़े तथा उनकी समस्या का सही समाधान त्वरित कराया जा सके। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए कैम्प की कार्य प्रणाली को देखते हुए आम जनमानस द्वारा यातायात पुलिस की सराहना किया गया ।

इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के मुख्य मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आम जनमानस को एकत्र कर यातायात नियमो के प्रति जागरुक किया तथा सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया ।

# युवा शक्ति द्वारा "आयुष्मान हेल्थ कनेक्ट" अभियान के अंतर्गत 70+ नागरिकों का पंजीकरण



**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर, 10 मई 2025 – गैलेक्सी वेगा सोसायटी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आयोजित "आयुष्मान हेल्थ कैंप" के माध्यम से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) से जोड़ा गया।

इस अभियान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को ₹5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिलाना था। कार्यक्रम के संयोजक रोहन गुप्ता ने इस दिशा में विशेष योजना तैयार कर जरूरतमंदों को सरकारी योजना से जोड़ने की पहल की। वाई एस एस फाउंडेशन से युवा शक्ति के सदस्यों – सचिन गुप्ता, दुर्गा प्रसाद दुबे, नाव्या कांत, देवांशी कानोड़िया एवं आस्तिक शुक्ला – ने जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। सोसायटी की ओर से रोहन गुप्ता, नीरज कुमार एवं मणिकांत सिंह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से न केवल वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली, बल्कि समाज में जागरूकता और सहभागिता की मिसाल भी कायम हुई।

# संत रविदास का दर्शन ही विकसित भारत संकल्प का प्रेरणास्रोत : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या, 10 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। संत रविदास ने कहा था, "ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न", उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे।

**रविदास जी ने सामाजिक चेतना को जागृत किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नई अयोध्या का निर्माण हो रहा है और आज संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और सशक्त हुई है। उन्हाने इसके लिए महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज को बधाई दी। सीएम योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई।

**आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ उठाई थी आवाज**

मुख्यमंत्री ने मध्यकाल के कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार और सनातन धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे, तब काशी में संत रविदास ने सामाजिक एकता के लिए समाज को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज उठाई और कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी प्रासंगिक है।

**आजादी के बाद से ही अयोध्या की उपेक्षा की गई, अब नई अयोध्या हमारे सामने**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने अयोध्या में फोरलेन सड़कों, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, माता शबरी के नाम पर अन्न क्षेत्र, निषाद राज के नाम पर यात्री विश्रामालय और राम की पैड़ी व सरयू घाट के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से अयोध्या की उपेक्षा की गई, लेकिन अब सूर्यवंश की ये राजधानी देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

उन्होंने पासी समाज, कबीर मठ और रजक समाज के संतों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी वर्गों को जोड़कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब हमारा संकल्प देश के प्रति कर्तव्यों से जुड़ेगा, तो सभी समस्याओं का समाधान संभव है। हमें नेशन फर्स्ट की भावना के साथ देश को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम संत रविदास और भगवान राम के आदर्शों पर चलकर एक समृद्ध भारत का निर्माण कर सकेंगे।

# बीपैक्स सचिवो का उत्पीड़न अब बर्दाशत नहीं: ऋषिकुमारसिंह



**समाज जागरण**

वाराणसीः शनिवार को हरहुआ ब्लाक सभागार मे बीपैक्स सचिवो ने संगठन की बैठक करके अधिकारियो द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और तानाशाही के खिलाफ बिगुल फूंका। सहकारी सचिव परिषद के जिला महामंत्री अनिल दूबे ने बैठक मे कहा कि सचिवो को जबरन अतिरिक्त प्रभार के नाम पर तीन चार समितियो का प्रभार दे दिया जा रहा है पर अतिरिक्त प्रभार वाली समितियो से उन्हे वेतन लेने से रोका जाता है।

बीपैक्स सचिवो को उनके द्वारा किए गए व्यवसाय से प्राप्त मार्जिन से ही वेतन मिलता है हमें सरकार से वेतन हेतु कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती है।तो सचिवो को उनका पारिश्रमिक लेने पर रोक लगाना बिल्कुल वाजिब नही है।

अनिल दूबे ने कहा कि जब मूल समिति से पूरे वर्ष का वेतन नहीं मिल पा रहा है तो शेष वेतन अतिरिक्त प्रभार वाली समिति से लेने की अनुमति न देना बीपैक्स सचिवो का उत्पीड़न है ।

सचिव परिषद के जिलाध्यक्ष ऋषिकुमार सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समिति सचिवो को जबरन सीएससी से पाँच ट्रांजेक्शन प्रतिदिन करने हेतु विवश किया जाता है और ट्रांजेक्शन न करने पर वेतन अवरुद्ध करने की धमकी दी जाती है। जबकि समितियो पर ट्रांजैक्शन हेतु न कोई कर्मचारी है न कोई सुविधा न ही कोई धन मुहैया कराया गया है।

ऋषिकुमारसिंह ने कहा कि एक सचिव को तीन से चार समितियो का चार्ज है तथा ज्यादातर समितियो पर सचिव के अलावा दूसरा कर्मचारी नही है। अब अकेला सचिव सीएससी ट्रांजैक्शन करे , खाद बेचे, जन औषधि केंद्र चलाये या धान गेंहू खरीदे।धान गेहू खरीद का कमीशन पीसीएफ द्वारा पिछले तीन साल से नही दिया जा रहा है।यदि कमीशन मिल जाता तो कमीशन से सचिव कुछ माह का वेतन पा जाते।

ऋषिकुमारसिंह ने कहा कि बीपैक्स सचिवो का वेतन सफाईकर्मियो के वेतन का आधा भी नही है पर वह भी नियमित रूप से नही मिल पाने से हमारे परिवारो के सामने भुखमरी की स्थिति आ गई है।यदि हमारी मांगो पर विचार नही किया गया तो हमारे पास सड़क पर उतरने के अलावा अन्य कोई रास्ता नही बचेगा।

बैठक मे अनिल दूबे, राजेश सिंह, रवि यादव, अभय सिंह सोनू, संजय वर्मा,अरविंद दूबे, विभूतिनारायण श्रीवास्तव, विवेक सिंह सोनू, अखिलेश यादव, वरूण राय, विनोद दूबे, संजय वर्मा, राहुल सिंह व रवि यादव मौजूद रहे।

# मीडिया की प्रभावशाली भूमिका से मधु विहार ओवरब्रिज की लिफ्ट हुई चालू, नागरिकों ने ली राहत की सांसः सोलंकी

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः "मधु विहार, द्वारका का फुट ओवरब्रिज केवल एक ढांचा बनकर रह गया था क्योंकि उसकी लिफ्ट चालू न होने से वह उपयोग में नहीं आ रहा था जिसको संदर्भ में प्रकाशित समाचार का सकारात्मक प्रभाव तुरंत देखने को मिला।

संबंधित अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और ओवरब्रिज की लिफ्ट को पुनः चालू कर दिया। इससे स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत मिली है। ज्ञात हो कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित इस फुट ओवरब्रिज की लिफ्ट लंबे समय से बंद थी (बनने के बाद सिर्फ 3 दिन चली), जिससे यह संरचना नागरिकों की दैनिक सुविधा के लिए अनुपयोगी हो गई थी। रणबीर सिंह सोलंकी, मधु विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान और फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन ने इस विषय को उठाते हुए अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की थी। इस मुद्दे को विभिन्न समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया। श्री सोलंकी ने कहा, "मैं सभी पत्रकार बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता से लिया और अपने-अपने माध्यमों में प्रमुखता दी। साथ ही, उन जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया।"

यह पहल इस बात का प्रमाण है कि जब नागरिकों की आवाज मीडिया और प्रशासन तक स्पष्टता से पहुंचती है, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा सिंगला नदी के ऊपर सबवे की खस्ता हालत से लोग परेशान।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित।



**असम श्रीभूमि संवाददाता, दैनिक समाज जागरणः**

असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा सिंगला नदी के ऊपर स्थित आरसीसी पुल की मरम्मत कार्य जारी है। हालांकि, जनता की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए आवंटित ठेकेदार ने एक सबवे का निर्माण किया है ताकि छोटा वाहन आसानी से चल सके। लेकिन आवंटित ठेकेदार ने सबवे में लकड़ी की जगह बांस का उपयोग किया है, जिसके कारण दिनों-दिन हल्के वाहनों के दबाव में बांस टूटने और कमजोर होने लगे हैं। इससे दुर्घटना की संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, ऐसा जागरूक लोगों का मानना है। इस पर प्रभावी कदम उठाने के लिए असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार के साथ-साथ लोक निर्माण विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।

# टीएमयू में नामचीन टेक्नोक्रेट्स बोले, वियरेबल गैजेट्स का होगा न्यू इरा

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग-एफओई के कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से मॉडर्न ट्रेंड्स इन कंप्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस



**समाज जागरण**

मुरादाबाद तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग-एफओई के कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से मॉडर्न ट्रेंड्स इन कंप्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर हाईब्रिड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में नामचीन वक्ताओं ने उम्मीद जताई, आने वाला युग वियरेबल गैजेट्स का होगा। बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एमएलएम टेक्नोलॉजी वरदान साबित होगी। एमएलएम टेक्नोलॉजी से कम रिसोर्स में ज्यादा उत्पादन करके अधिक लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। मानव जीवन में ड्रोन के संग-संग इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, सोलर पावर, जीपीएस सेटेलाइट के मंगल प्रवेश से नई क्रांति आई है। एक्सपर्ट्स ने उम्मीद जताई, 6जी टेक्नोलॉजी मौजूदा टेक्नोलॉजी से 10 गुना फास्ट होगी। पेरावक्साइट टेक्नोलॉजी से बनने वाले सोलर सेल ईको फ्रेंडली होंगे। कॉन्फ्रेंस में एनसीए-टी दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक श्री राजेश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि, आईआईटी, रुड़की के एमेरिटस फेलो एवम् यूटीयू के पूर्व कुलपति डॉ. पीके गर्ग ने बतौर विशिष्ट अतिथि रहते हुए के जापान के डॉ. हुआन बी और सर्बिया के डॉ. इवो मार्कोविक ने वर्चुअली व्याख्यान दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित के संग इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का श्रीगणेश हुआ। इस मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. अलका वर्मा, डॉ. गुलिस्ता खान, डॉ. शंभू भारद्वाज, श्री प्रशांत कुमार, श्री नीरज कौशिक आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में एक दर्जन से अधिक तकनीकी सत्रों में 134 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए। कॉन्फ्रेंस में अतिथियों ने प्रोसीडिंग का विमोचन भी किया। संचालन डॉ. इंदु त्रिपाठी ने किया।

वीसी प्रो. वीके जैन बोले, मौजूदा वक्त कोलाबोरेटिव वर्किंग का है। एलन मस्क के स्टारलिंक कंपनी के भारत की नामचीन टेलीकॉम कंपनियों के संग कोलाबोरेशन का उदाहरण देते हुए कहा, इससे भारत में सेटेलाइट इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रो. जैन ने यूजर इंटरफेस के तहत ग्राहक की संतुष्टि को अहम बताया। डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इन्फॉर्मेशन और आइडियाज को साझा करने का जीवंत प्लेटफॉर्म है। समाज के पुनर्निर्माण में कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तकनीकों की बड़ी भूमिका है। कॉन्फ्रेंस में डॉ. विभोर भारद्वाज, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. दिप्तोनिल बनर्जी, डॉ. देवंजन राय, श्री उमेश कुमार सिंह, डॉ. हिमांश कुमार, श्री राहुल विश्नोई, डॉ. सीमा मान आदि मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने की अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

- समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं परियोजनाएं, गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं : सीएम योगी
- प्रत्येक परियोजना की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री

अयोध्या, 10 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के समापन पर जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। सरयू अतिथि गृह में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने अयोध्या के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने चल रही सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति पर नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ ने व्यापारियों को संगठन में सम्मिलित कर फूल मालाओं से किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ ने संगठन का विस्तार करते हुए दयाल वाला एवं मंडावर के देवेंद्र कुमार सैनी को जिला मीडिया प्रभारी लाल बहादुर करणवाल को जिला सह संगठन मंत्री संकित राठी को युवा जिला संगठन संगठन मंत्री एवं गगन अग्रवाल को जिला युवा मंत्री मनोनीत किया जिला अध्यक्ष श्री सर्राफ ने कहा कि देवेंद्र सैनी लाल बहादुर करण वाल संकित राठी गगन अग्रवाल और और उनकी पूरी टीम मंडावर एवं दयाल वाला एवं नारायणपुर के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से जुड़े हैं जो की पूर्व में अन्य व्यापार मंडल में थे परंतु चंदा वसूली एवं व्यापारियों की समस्या पर ध्यान न देने के कारण दूसरे व्यापार मंडल से त्यागपत्र देकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से जुड़े हैं उनका भव्य स्वागत है श्री सर्राफ ने मनोनयन पत्र एवं माला पहनाकर चारों पदाधिकारीयो का स्वागत किया और कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को मजबूती मिली है व्यापारी एकता पर बल दिया तथा कहा कि संगठन में शक्ति है और व्यापारी का सम्मान सर्वोपरि है व्यापारी नेता द्वारा व्यापारियों से चंदा वसूली कर आर्थिक उत्पीड़न करने के हम खिलाफ है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिंदाबाद के नारे के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ

## डब्ल्यू एच ओ ने नुक्कड़ नाटकों के द्वारा डायरिया की रोकथाम के बताय उपाय

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना डब्ल्यू एच ओ द्वारा डेटॉल कंपनी द्वारा मिलकर नुक्कड़ नाटकों के द्वारा समस्त उत्तर प्रदेश के जनपदों में डायरिया की रोकथाम के लिए एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गर्मी के मौसम में होने वाले डायरिया से संबंधित एवं रोकथाम के लिए डेटॉल कंपनी के साथ मिलकर सभी जगह प्रोग्राम चलाया जा रहा है इसी की श्रृंखला में विकासखंड कोतवाली के 40 ग्रामों में यह प्रोग्राम चलाया गया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत विकासखंड कोतवाली के ग्राम उग्रसेनपुर उर्फ लाल वाला के संविलियन विद्यालय में लखनऊ से आई हुई टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा बच्चों को डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के तरीके गीतों द्वारा समझाए गए तथा अंत में आई हुई टीम द्वारा मुख्य अध्यापक मधुसूदन कुमार अमित कुमार ,शाहनवाज खान, संदीप कुमार, अंकित राणा, ईश्वर चंद एवं छह बच्चों को डेटॉल साबुन, ओआरएस के पैकेट ,जिंक टेबलेट आदि इनाम स्वरूप भेंट करके बच्चों एवं अध्यापकों का उत्साह वर्धन किया। इसके पश्चात वह टीम अगले विद्यालय ग्राम धर्मशाला नगली उर्फ खुर्रामपुर डल्लू के लिए रवाना हो गई।

## थाना समाधान दिवस में दर्ज हुई मात्र एक शिकायत मौके पर ही एक शिकायत का निस्तारण किया

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना थाना समाधान दिवस शनिवार को थाना कोतवाली प्रांगण में सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के संचालन में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र 01 शिकायत दर्ज हुई। जबकि मौके पर शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका इस अवसर पर



नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक कुमार , एस आई सुभाष तोमर सहित सभी उपनिरीक्षक व राजस्व विभाग के लेखपाल सचिन कुमार, मोहित शर्मा सहित थाना क्षेत्र के समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

## घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किया

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



बिजनौर जिले के ग्राम गनौरा निवासी इरफान पुत्र बुन्दू शाह ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर दी, जिसमें बताया कि सरफराज उर्फ सर्फ पुत्र मुकीम उर्फ मोखा शाह निवासी ग्राम गनोरा ने उसके घर से मोबाइल फोन, चार्जर, एक सोने की अंगूठी और एक जोड़ी पायल चुरा ली। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की कोतवाली देहात पुलिस ने 09 मई 2025 को आरोपी सरफराज उर्फ सर्फ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया सामान मोबाइल फोन, चार्जर, सोने की अंगूठी और एक जोड़ी पायल - बरामद कर लिया। पुलिस की सक्रियता और तत्परता के कारण इस चोरी का मामला जल्द सुलझा लिया गया गिरफ्तार आरोपी सरफराज उर्फ सर्फ पुत्र मुकीम उर्फ मोखा शाह निवासी ग्राम गनोरा, थाना कोतवाली देहात, बिजनौर पुलिस टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गिरी हेड कांस्टेबल अमित कुमार कांस्टेबल मुकम्मल पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस की तत्परता और सक्रिय कार्रवाई ने इस चोरी के मामले का जल्दी समाधान किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 16 घंटे से लापता बच्चा सकुशल पुलिस ने किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



मण्डावर। दिनांक 08 मई 2025 को सुबह करीब 6 बजे पढ़ाई के लिए मदरसे गया 10 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया। परिजन जब काफी देर तक उसका इंतजार करते रहे और वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना मण्डावर में मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए टीम गठित की गई। जनपद में चल रहे ऑपरेशन स्माइलह्व अभियान के तहत गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 16 घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया फिलहाल बच्चे से पूछताछ के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी में उपनिरीक्षक मैन कुमार, मुख्य आरक्षी दीपक राणा व मुख्य आरक्षी अश्वनी की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस की तत्परता पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## किशोरी से अश्लील हरकत का मामला नाबालिग आरोपी पुलिस हिरासत मे

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**

किरतपुर क्षेत्र में एक नाबालिग द्वारा किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जरूरी साक्ष्य जुटाते हुए घटना के समय



आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। पीड़िता के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है किरतपुर पुलिस का कहना है कि जांच पूरी निष्पक्षता के साथ की जा रही है और किशोर न्याय बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत आगे की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक जगपाल सिंह, मुख्य आरक्षी सन्नीराज तोमर और अनुराग कुमार शामिल रहे।

## अधिकारी गणमान्य लोग व आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करें - अवनीश राय

### डीएम की अध्यक्षता में थाना उझानी में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना उझानी में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को जनता से बेहतर व्यवहार व संवाद स्थापित करने के लिए कहा। इस अवसर पर चकरोड पर कब्जा सहित भूमि आदि विवाद संबंधी कुल 07 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि व राजस्व विवाद आदि के मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए व उसकी फोटोग्राफी भी कराई जाए तथा निस्तारण के समय दोनों पक्षों के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी लिए जाए। डीएम ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। पुलिस अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण करें तथा गणमान्य लोग व आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## भारत ने वैश्विक परिदृश्य में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में अपनी बढ़ती प्रमुखता की पुष्टि की: अंतरिक्ष राज्य मंत्री

भारत अंतरिक्ष में समान भागीदार के रूप में नेतृत्व करेगाः 'भारत के लिए ए, दुनिया के लिए बी': डॉ. जितेंद्र सिंह भारत ने नई दिल्ली में 3 दिवसीय ग्लेक्स 2025 में वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व का प्रदर्शन किया ग्लेक्स 2025 में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 10 अंतरिक्ष यात्री और सैकड़ों अंतरिक्ष विशेषज्ञ नई दिल्ली पहुंचे भारत ने नागरिकों को सशक्त बनाने और 'विश्व बंधु भारत' के रूप में विश्व को भागीदार बनाने के विजन के साथ अंतरिक्ष भविष्य की रूपरेखा तैयार की केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान और पीएमओ, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम में वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन (जीएलईएक्स 2025) को संबोधित करते हुए वैश्विक परिदृश्य में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती प्रमुखता की पुष्टि की। "नए संसारों तक पहुंचनाः एक अंतरिक्ष अन्वेषण पुनर्जागरण" विषय पर आयोजित इस उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में 35 से अधिक देशों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की भागीदारी के साथ दुनिया भर के अंतरिक्ष जगत के नेत्तृवकताओं, अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया और इससे अंतरिक्ष कूटनीति और नवाचार में भारत की अग्रणी भूमिका को मजबूती मिली। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (आईएएफ), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में 15 महत्वपूर्ण विषयगत क्षेत्रों में 10 समानांतर तकनीकी सत्रों में 240 से अधिक इंटरैक्टिव प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा एक गतिशील अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों और इसरो की नवीनतम उपलब्धियों के काम को प्रदर्शित करने वाले 22 स्टॉल शामिल थे। विशेष सत्र में बोलते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष अन्वेषण में अनुयायी से वैश्विक प्रवर्तक बनने के लिए भारत के परिवर्तन को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "भारत अब अंतरिक्ष में अग्रणी कुछ देशों के साथ एक समान भागीदार के रूप में सहयोग कर रहा है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शांतिपूर्ण अंतरिक्ष सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो मामूली शुरूआत से आरंभ हुई थी

## शिव मंदिर में पूजा करने पहुंचा श्रद्धालु, अंदर का नजारा देख हो गया हैरान

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। नगर के बिजली घर के पास बने शिव मंदिर पर एक युवक बेहोशी की अवस्था मे मिला। सूचना पर पहुचे बिजली घर के कर्मचारियों ने एम्बुलेन्स बुला कर उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नगर की तहसील कॉलोनी निवासी तीस वर्षीय निक्की पुत्र पप्पू सुबह मंदिर पर पूजा करने आया। लोगो ने बताया मृतक नशे का आदी था, जो कभी कभी पूजा के बाद मंदिर के बरामदे में ही सो जाता था। हर दिन की तरह आज शनिवार को पूजा करने के बाद निक्की मंदिर के फर्श पर ही सो गया। दर्शन को गए राहगीर ने कुछ पूछने के लिये उठाया। आवाज न देने पर भक्तों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को बताया। सूचना पर स्वजन भी आ गए। सीएचसी पर चिकित्सकों ने निक्की को मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने पीएम को मना कर दिया और शव को घर ले गए।

## आर के स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। नगर के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। बच्चों ने माँ की ममता को अपने नृत्य और संवाद से दर्शाया। तू कितनी अच्छी है, इस भावपूर्ण गाने पर हर कोई झूम उठा। छोटी छोटी छात्राओं ने




माँ का रोल किया और कैटवाक किया। दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम के बीच बीच में संचालक सुखदेव सिंह ने भारत माता के जयकारे लगवाकर दर्शकों में देशभक्ति का जोश भर दिया। प्रबंधक देवरत्न वार्ष्णेय और व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल ने कहा माँ जैसा कोई नहीं है। इस स्वार्थ भरे संसार में माँ ही निस्वार्थ है। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूर्वा रंजन, नीरज शर्मा, सुखदेव सिंह, हर्ष मिश्र, मंजेश कुमार, निधि गुप्ता, रचना, शिप्रा, प्रतीक्षा, जुबिया आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## डीएम ने अधिकारियों संग किया कछला घाट का निरीक्षण

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को कछला घाट का निरीक्षण किया। डीएम ने बुद्ध पूर्णिमा के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है। बुद्ध पूर्णिमा को भगवान बुद्ध के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है और शास्त्र सम्मत है कि इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है।जिलाधिकारी ने कछला घाट पर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का एक-एक कर जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कछला घाट पुल के ऊपर बनाए गए फ्लाईओवर से भी मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने घाट के दोनों ओर का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## एड. सुरेंद्र सिंह यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर सपाइयों ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। समाजवादी पार्टी द्वारा एडवोकेट सुरेंद्र सिंह यादव को बिसौली विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत करने पर सपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। सुरेंद्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का कार्य करेंगे। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं से कहा कि वह पूरी ताकत के साथ जुट जाए। पूरे जनपद में पार्टी का झंडा बुलंद करना है। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव सोमेश प्रताप ने कहा कि एड. सुरेंद्र सिंह यादव को संगठन के बारे में काफी अनुभव है और अब पार्टी का तेजी से ग्राफ बढ़ेगा। सुरेंद्र सिंह यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर बिसौली विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और जगह-जगह मिठाई बाटी। इस मौके पर सुबोध भदोरिया, पुष्पेंद्र मौर्य, संजीव यादव, अमर सिंह यादव, मुनेंद्र यादव, ठाकुर तेजवीर सिंह, मुनव्वर अली, अफजल, अरविंद, जगतपाल सिंह, प्रताप सिंह, मूलचंद दीक्षित, जगदीश चंद्र शर्मा, आदेश पटेल, सत्यवीर सिंह, सर्वेश दिवाकर, जितेंद्र सागर, डिंपल सिंह, हनी गुप्ता, नेत्रपाल पाली, सतपाल प्रजापति आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुन्नौर थाना समाधान में 5 शिकायतों में 4 का निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण थाना दिवस गुन्नौर उपजिलाधिकारी दीपक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आमजन की शिकायत सुनी गई। जिनमें कुल 5 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित आई जिसमें 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष एक शिकायत को लेकर गुन्नौर उपजिलाधिकारी दीपक चौधरी ने संबंधित को समयनुसार निपटारा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर गुन्नौर कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान,कानूनगो जाहरी सिंह, लेखपाल राजवीर, सोनू, समेत आदि मौजूद रहे।

## राजघाट गंगा में लापता युवक का दूसरे दिन भी नही लगा सुराग

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गंगाघाट राजघाट पर शुक्रवार को अपने बच्चे का मुंडन संस्कार कराने आये। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर खुर्द निवासी छोटे लाल (27 वर्ष) पुत्र राजवीर शुक्रवार को अपने बेटे कृष्णा का मुंडन संस्कार कराने राजघाट गंगा घाट पर आया था। मुंडन संस्कार के बाद दोपहर



के समय अचानक गंगा घाट राजघाट से गायब हो गया। लेकिन परिजनों ने उसके गंगा में डूबने की आशंका जताई है। और परिजनों ने शुक्रवार को गुन्नौर थाने में युवक की गुमशुदी दर्ज कराई शनिवार को परिजन गंगा घाट राजघाट पर दोबारा खोजना पहुंचे और परिजनों ने नाव के द्वारा एवं गोताखोरों से भी तलाश कराई लेकिन काफी खोजने की कोशिश की अभी तक युवक का कहीं नहीं लगा सुराग वहीं बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा गुमशुदी दर्ज करने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। और खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पत्नी को ससुराल बुलाने गए बहनोई साले में मारपीट

**दैनिक समाज जागरण**



थाना जुनावई क्षेत्र के गांव रेन्दा निवासी नवाब सिंह पुत्र गजराम ने थाना धनारी में शिकायत देकर बताया कि गांव सिंहपुर में अपनी ससुराल में पत्नी रामधारा को बुलाने गए थे। नवाब सिंह की पत्नी रामधारा चार दिन पहले अपने भतीजे व भतीजी की विवाह में शामिल होने गई। जिसमें शादी-विवाह होने के बाद पति ने पत्नी से घर चलेने की बात कही और कहा कि बच्चे घर पर अकेले है ।तो पत्नी ने चार दिन और रूकने को कहा गया । इतने आग बबूला साला धर्मपाल, विजेंद्र पुत्रगण श्यौदान, सुरेंद्र पुत्र धर्मपाल,नेकपाल पुत्र महाराज सिंह,ने गंदी गंदी गाली गलोच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। और कहने लगे की रामधारा तुम्हारे साथ नही जायेगी। जिसमें शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी गई इसको लेकर थाना धनारी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है ।

## महिला के पति के फोन पर युवक ने की अश्लील बाते महिला की ससुराल में पहुंच कर हंगामा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल थाना धनारी इलाके के एक गांव में शनिवार की दोपहर एक महिला के पति के मोबाइल पर फोन शिशुपाल राणा के नाम के युवक का आया ।कहा कि हमारी बात रूबी शर्मा से करा दो। महिला के पति ने सोचा कि कोई रिस्तेदार होगा । तो महिला के पति अनुपम शर्मा ने पत्नी रूबी शर्मा की बात शिशुपाल राणा से करा दी ।शिशुपाल राणा नाम बदल कर बात करता है । जिसमें महिला से अश्लील बाते शिशुपाल राणा ने करनी शुरू कर दी। तो पीड़ित महिला ने फोन को काट दिया। महिला को पूर्व में भी शिशुपाल राणा परेशान कर चुका है। हद तो जब पार हो गई जब युवक महिला की ससुराल पहुंच गया।पीड़िता की ससुराल में पहुंच कर जमकर हंगामा किया। वही पीड़ित महिला से कहा कि तुझे बदनाम कर दूंगा । वही पीड़ित महिला व पति को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी गई। पीड़ित महिला ने थाने में पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है ।

## गुन्नौर कैंसर पीड़ित का बीमा कराकर हड़प लिए दस लाख रुपये दो गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर पुलिस ने कैंसर पीड़ित व्यक्ति का बीमा कराकर दस लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। कैंसर पीड़ित की मौत के बाद तकाजा करने पर आरोपियों ने पीड़ित पत्नी को दी। पूरे मामले में की शिकायत गुन्नौर पुलिस के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान से की गई जहां तत्काल तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया ।वही पुलिस ने दो अंकित शर्मा, शीलू को ईसमपुर डांडा मोड़ नरौरा रोड से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। जनपद बुलंदशहर के थाना थाना डिबाई क्षेत्र के गाँव भीमपुर निवासी महिला सुनीता पति स्व सुभाष ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते वर्ष 2024 में उसके पति सुभाष की कैंसर के कारण मृत्यु हो गई थी। इसके बाद बीमा गिरोह के दो व्यक्ति जिसमें अंकित शर्मा पुत्र परशुराम निवासी पवसरा थाना रजपुरा दूसरा शीलू पुत्र सुरेंद्र निवासी रूदायन थाना कैलादेवी उसके घर पर आकर आधारकार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक व बीमा के कागजों पर अंगूठा निशानी लगवाकर ले गए। और बीमा के दस लाख रुपए निकाल कर हड़प लिए जहां पुलिस ने शिकायत पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया । कैंसर पीड़िता की पत्नी सुनीता ने बताया कि उसे किसी बीमा के बारे में जानकारी नही थी। परन्तु पाया गया कि उसके नाम से एक खाते में दस लाख रुपये आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा डाले गए। पीड़ित की एक गांव की आशाकर्मी द्वारा नीलम के द्वारा मात्र 20000 हजार रुपए दे दिए गए जिसको लेकर न्याय हितकारी इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान ने बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। वही रूकसार पत्नी असलम नि मौ चमारान कला अशोक नगर कस्बा व थाना पहासू जनपद बुलंदशहर के द्वारा बताया गया कि उसके पति कैसर से पीड़ित थे ।इसी बीमा कंपनी वाले आये थे जिन्होने उसके पति का बीमा करने की बात कहकर उसके अंगूठा निशानी व हस्ताक्षर व आधार कार्ड आदि कागजात ले लिए। उसकी मृत्यु के उपरांत बीमा करने वालों ने जांच के नाम पर द्वारा कागजात लेकर द्वारा हस्ताक्षर बनवाए थे। तथा बीमा के रुपये दिलवाने की बात कही ।किन्तु उन्हे फिर उसकी जानकारी नही दी गई। तथा पीड़ित के नाम पर बुलंदशहर की यश बैक में फर्जी खाता खुलवाकर उसकी पासबुक भी अपने पास रख ली। जिसे पीड़िता कोई जानकारी नही दी ।तथा उसके पति की बीमा की जो राशि उसके खाते में आई थी । वह भी बीमा गिरोह ने हड़प लिए थे। इस संबंध में गुन्नौर पुलिस ने बीएनएस की गंभीर धाराओं में ओंकारेश्वर ,करन मिश्रा सहित केस दर्ज किया गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

# अंबेडकर प्रतिमा का तोड़ा सुरक्षा कवच

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : मसूदाबाद चौराहे पर स्थित डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, थाना बन्ना देवी क्षेत्र के कोठी लंकराम मोहल्ले में स्थापित प्रतिमा का सुरक्षा कवच शुक्रवार देर रात तोड़ दिया गया।



घटना की जानकारी मिलते ही बाबा साहब के अनुयायी मौके पर पहुंचे, स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता राकेश सहाय ने बताया कि इससे पहले भी प्रतिमा के साथ कई बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, उन्होंने सुरक्षा कवच की मरम्मत का आश्वासन दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया, फिलहाल क्षेत्र में शांति बनी हुई है।

# राष्ट्र विरोधी वक्तव्य देने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी इगलास महेश सिंह के कुशल प्रर्यवेक्षण व अरविन्द कुमार थानाध्यक्ष मडराक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी।आतंकवादियों द्वारा पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले को सही ठहराते हुये भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ की गयी कार्यवाही को गलत बताना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इसी अभद्र टिप्पणी के सम्बन्ध में एक अभियुक्त अनस पुत्र ताजू उर्फ ताजुद्दीन निवासी ग्राम घासीपुर थाना मडराक जनपद अलीगढ़ को उसके मकान से गिरफ्तार किया।



# अलंकरण समारोह का आयोजन संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! इंदिरा मैमोरियल विद्यालय में ह्यअलंकरण समारोहह्न का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र/छात्राओं को उनके हाउस का नेतृत्व करने के लिए बैज देकर विभिन्न दायित्वों को सौंपा गया। सभी



हाउस रमन हाउस, भगत हाउस, शिवाजी हाउस एवं टैगोर हाउस के कैप्टन, वाइस कैप्टन, हैड बॉय एवं हैड गर्ल को चुना गया एवं शपथ ग्रहण कराई गयी। इस क्रम में शिवाजी हाउस कैप्टन-आर्यन 12th-Sci, वाइस कैप्टन आध्या सिंह 10th-B, रमन हाउस कैप्टन-सिमरन 12th-Com, वाइस कैप्टन सिद्धार्थ 10ईअ, भगत हाउस कैप्टन देवांश 12th-Sci, वाइस कैप्टन कृतिका 12th-Sci, टैगोर हाउस कैप्टन- हर्ष 12th-Sci, वाइस कैप्टन वैष्नवी 12th-Sci को चुना गया। आलोक पाण्डे 12th-Sci, हेड बॉय एवं सानिका सिंह 12th-Sci को हैड गर्ल चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका मिथलेश राना, प्रिंसिपल चन्द्रवीर सिंह, वाइस प्रिंसिपल जितेन्द्र सिंह एवं अध्यक्ष छाया नागर के साथ विद्यालय के शिक्षकगण गंभीर सिंह, पूनम मिश्रा, तनुज कुमार, प्रीती, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम मिश्रा द्वारा किया गया। चुने गये छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में जितेन्द्र सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# मातृ दिवस धूमधाम से मनाया

**दैनिक समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! आईवी इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें प्री- प्राइमरी छात्राओं के साथ-




साथ माता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रानी गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष शिकोहाबाद श्रीमती कल्पना राजोरिया एवं श्रीमती पूनम शर्मा रही । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में कुछ माताएं जो अपनी पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन बहुत ही कुशल ढंग से करते हुए समाज के लिए एक उदाहरण पेश कर रही हैं उन माताओं को मातृ दिवस के अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिसमें श्रीमती तूलिका गर्ग , श्रीमती अंजलि सिंह, श्रीमती अनु पवनदीया, श्रीमती शाहाना सिराजी को मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें नृत्य प्रतियोगिता,गायन प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता,रैंप वॉक,एवं कुछ खेल प्रतियोगिताएं कराई गई । नृत्य प्रतियोगिता में श्रीमती पिंकी ठाकुर एवं श्रीमती अमृत कौर संयुक्त रूप से विजई रही । वहीं गायन प्रतियोगिता में श्रीमती संध्या दिवाकर एवं भाषण प्रतियोगिता में श्रीमती शालू यादव एवं श्रीमती नेहा सैनी संयुक्त रूप से विजयी रही । खेल प्रतियोगिता में श्रीमती पूजा ने विजय प्राप्त की । विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ नंदिनी यादव के द्वारा पधारे सभी मुख्य अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया साथ ही प्रधानाचार्या ने सभी पधारी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ।। कार्यक्रम संयोजिका के रूप में श्रीमती श्वेता गुप्ता अध्यापिका प्रिया गुप्ता,संस्कृति शर्मा,सबा फारुकी,तनु दुबे,श्रीमती डॉली कुशवाहा आदि मौजूद रही।

# वीसी कर एसटीओ को अतिरिक्त पेंशन धनराशि रिकवरी के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : मा० वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की मृत्यु उपरांत पेंशन के अतिरिक्त भुगतान की रोकथाम एवं वसूली से संबंधित विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



सर्वविदित है, पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर द्वारा प्रतिवर्ष जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार में प्रस्तुत किया जाता है, जो एक वर्ष तक वैध होता है। इस अवधि में कोषागार द्वारा नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जाता है। किंतु कई बार पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर के निधन की सूचना उनके परिजनों द्वारा समय से कोषागार को नहीं दी जाती, जिससे मृतक के खाते में पेंशन की धनराशि निरंतर प्रेषित होती रहती है।

इस प्रकार किया गया अतिरिक्त भुगतान शासकीय धन की हानि की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में कोषागार द्वारा नियमानुसार वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। कई बार देखा गया है कि परिजन जानबूझ कर मृतक के खाते से अतिरिक्त धनराशि निकाल लेते हैं, जो कि स्पष्टतः अपराध की श्रेणी में आता है, एवं ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने पर, परिजनों को अनिवार्य रूप से तत्काल कोषागार को सूचना देना आवश्यक है। यदि मृत्यु उपरांत पेंशन की अतिरिक्त धनराशि मृतक के खाते में जमा हो गई हो, तो संबंधित परिजन उसे बैंक ड्राफ्ट अथवा संबंधित बैंक खाते के माध्यम से शीघ्र कोषागार में जमा करें।

यदि कोई परिजन अतिरिक्त धनराशि का उपभोग करता है और उसे वापस नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध वसूली की कार्रवाई भू-राजस्व की भांति की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित परिजन स्वयं उत्तरदायी होंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार ने जनहित में यह अपील की है कि सभी पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजन इस विषय में सजग एवं उत्तरदायी रहें, ताकि शासकीय धन की हानि से बचा जा सके।जिले के कोषागार का 63 पेंशनर्स से 3042160 रुपया (तीस लाख बयालीस हजार एक सौ साठ) अतिरिक्त वापस आना है।

# सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया आयोजित

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : श्री खेरेश्वर धाम मंदिर परिसर पर नव निर्वाचित समिति श्री खेरेश्वर महादेव व दाऊजी महाराज समिति (रजि) द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर पूणार्नंद पुरी महाराज, श्री 108 हितेषी बाबा, समाजसेवी सुमित सर्राफ, सुशील तोमर अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, गेहराज सिंह द्वारा खेरेश्वर महादेव व स्वामी हरिदास जी के चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण कर हुआ।

महामंडलेश्वर पूणानंद पुरी महाराज ने सिद्धपीठ श्री खेरेश्वर धाम मंदिर परिसर के विकास के लिए सर्व समाज को एकत्रित होने का आह्वान किया। समाजसेवी सुमित सर्फ ने मंदिर परिसर को कॉरिडोर के रूप में विस्तार के लिए हर संभव मदद की घोषणा की। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सुशील तोमर निर्वाचित समिति को बधाई दी। संरक्षक हितैषी बाबा ने कहा कि सिद्धपीठ श्री खेरेश्वर महादेव के दर्शन कर सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती हैं। अध्यक्ष गेहराज सिंह ने कहा कि मंदिर परिसर को भव्य बनाने में पूरी समिति प्रयासरत रहेगी। समिति कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को खेरेश्वर महादेव की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव अग्रवाल राधे राधे ने किया। इस अवसर पर गौरव शास्त्री, गेहराज सिंह अध्यक्ष, ऋषिओम शर्मा महामंत्री, देवेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष, गौरव अग्रवाल राधे, मुख्य महंत प्रहलाद गिरि, नरेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, देवेंद्र सिंह चौहान फौजी, सत्यपाल सिंह पूर्व अध्यक्ष, रामनिवास शर्मा, अनंत गिरी, सुरेंद्र प्रधान, सोरन लाल शर्मा, घमंडी सिंह, वीरेश प्रधान, धीरेंद्र सिंह, मुकेश रावल, शीलू ठाकुर, धर्मेंद्र राघव, हर्षवर्धन, पंकज धीरज, विष्णु कुमार बंटी, सुरेंद्र शर्मा, मनीष अग्रवाल वूल, हरिकिशन अग्रवाल, पवन वार्ष्णेय, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अरविंद सराफ, नित्तो ठेकेदार, शिवम, पवन गिरी, लतेश चौधरी, कच्छी पहलवान, धर्मवीर सिंह लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर बनाए आकर्षक पोस्टर

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद की शाखा के तत्वाधान में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के पंच दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के पंच दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में कु दीक्षा, कु दीपिका, कु खुशी यादव, कु नीशू, कु शिवानी, ईशू , रोहित कुमार, सचिन, सुमित, विराट यादव, यश शर्मा ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शित करके अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों के बनाए आकर्षक पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# प्रदेश के 6 जिलों में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स बनाने के कार्य में लायी जाएगी तेजी

लखनऊ, 10 मई। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एकीकृत न्यायालय परिसर (इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स) को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। सीएम योगी के निर्देश को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू करते हुए नियोजन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स के निर्माण व विकास के कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रक्रिया के अंतर्गत शामली में 23, औरैया में 37, हाथरस में 44, महोबा में 37, अमेठी में 17 तथा चंदौली में 37 कोर्ट्स के निर्माण व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस प्रकार, 6 चयनित जिलों में कुल 1346 करोड़ रुपए की लागत से 195 कोर्ट्स का निर्माण इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स योजना के अंतर्गत होने जा रहा है। इस योजना के जरिए कोर्ट बिल्डिंग, एडवोकेट चैंबर, फैसिलिटी सेंटर्स, जजों व कर्मचारियों के आवास, स्पोर्ट्स फैसिलिटीज समेत विभिन्न सुविधाओं का विकास होगा तथा इसे सीसीटीवी सर्विलांस व पब्लिक एड्रेस सिस्टम समेत विभिन्न आधुनिक प्रणालियों से युक्त किया जाएगा।

**विभिन्न खंड के न्यायिक, आवासीय व अनावासीय भवनों का होगा निर्माण**

नियोजन विभाग द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार, इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स के अंतर्गत अलग-अलग जिलों में विभिन्न खंड के न्यायिक, आवासीय व अनावासीय भवनों का निर्माण होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत शामली में मुख्य न्यायालय भवन को बेसमेंट, ग्राउंड समेत 4 मंजिला बनाया जाएगा। वहीं, एडवोकेट चैंबर्स व फैसिलिटीज सेंटर भवन का निर्माण भूतल समेत 5 मंजिला भवन के तौर पर होगा। इसी प्रकार, औरैया में बेसमेंट, भूतल समेत 5 मंजिला न्यायालय भवन का निर्माण होगा तथा एडवोकेट चैंबर व फैसिलिटी चैंबर भवन को भूतल समेत 7 मंजिला बनाया जाएगा। इसी प्रकार हाथरस में बेसमेंट, भूतल समेत 6 मंजिला कोर्ट बिल्डिंग का निर्माण होगा तथा एडवोकेट चैंबर्स व फैसिलिटी सेंटर को भूतल समेत 8 मंजिला बनाया जाएगा। तीनों ही जिलों में जजों व अन्य कार्मिकों के लिए आवासीय खंडों का निर्माण भी एकीकृत न्यायिक परिसर में किया जाएगा। इन तीनों जिलों में योजना के अंतर्गत कार्य को पूरा करने के लिए 692 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

**महोबा, अमेठी व चंदौली में 654 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण**

इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स योजना के अंतर्गत महोबा, अमेठी व चंदौली में 654 करोड़ रुपए की लागत से मुख्य न्यायिक परिसर, एडवोकेट चैंबर व फैसिलिटी सेंटर समेत विभिन्न अनावासीय इमारतों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जजों व अन्य कार्मिकों के लिए कई प्रकार के आवासीय खंडों का भी निर्माण व विकास होगा। उल्लेखनीय है योगी सरकार प्रदेश में न्यायिक प्रणाली से जुड़ी विभिन्न अवसंरचनाओं के निर्माण, नवीनीकरण तथा आधुनिकीकरण की दिशा में कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के प्रमुख शहरों में स्थित न्यायिक परिसरों के साथ ही विभिन्न जिलों में कोर्ट कॉम्पलेक्सेस को भविष्य की जरूरत के अनुसार अपग्रेड किया जा रहा है।

# सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश

अयोध्या, 10 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया।

सीएम योगी रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की।

# मंगलायतन में हॉस्टलर्स की फेयरवेल पार्टी संपन्न

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : मंगलायतन विश्वविद्यालय के सुमंगलम हॉस्टल प्रांगण में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले फाइनल इयर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। फेयरवेल पार्टी को विद्यार्थी जीवन का यादगार पल बताते हुए मंगलायतन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन की मेहनत पर ही भविष्य की सफलता टिकी है। इस अवसर पर मंविवि के रजिस्ट्रार ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उपहार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



मंगलायतन के एन.बी.एच, सुमंगलम गर्ल्स हॉस्टल और सुमंगलम बायज हॉस्टल के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित इस फेयरवेल पार्टी में दोस्ती, आपसी प्रेम और भाई-चारे के गीतों पर विद्यार्थियों ने जमकर डांस किया। भोजपुरी गीत फेयरवेल पार्टी के मुख्य आकर्षण रहे। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार जितेंद्र यादव,असिस्टेंट रजिस्ट्रार विश्वनाथ,प्रो. सिद्धार्थ जैन,डा सुजीत कुमार महापात्रा, डा. राम कुमार पाठक, दीपक कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, वीर प्रताप सिंह, मानसी, वार्डन रेखा, असिस्टेंट वार्डन शिवांगी, अंजू और मांगेलाल मौजूद थे। कार्यक्रम का निर्देशन कैप्टन लक्ष्मण सिंह ने किया। हॉस्टलर्स की फेयरवेल पार्टी के आयोजन में चुलबुल,चंचल,अमन, आदित्य, चंदा,दिव्यांशी तान्या और अक्षित का योगदान रहा।

# सेना के उत्साह वर्धन के लिए किसान व पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ : कस्बा गोंडा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत व पूर्व सैनिक संगठन ने देश के सैनिकों का उत्साहवर्धन करने को निकाली पैदल तिरंगा यात्रा। किसान व पूर्व सैनिकों ने कहा जरूरत पड़ी तो युद्ध में जाने के लिए हम तैयार हैं। हम देश के वीर जवानों के लिये हर कुबार्नी देने को तैयार है। वहीं भारत माता की जय जय जवान जय किसान हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुदार्बाद के गगन भेदी नारे लगाते हुए पूरे कस्बा गोंडा में पैदल तिरंगा यात्रा निकाली । यात्रा के समय थाना गोंडा का पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो वरिष्ठ किसान नेता चौधरी हरीराज सिंह तहसील अध्यक्ष कैप्टन हरपाल सिंह पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष फौजी अनिल गुप्ता फौजी जगबीर सिंह निरंजन सिंह देवराज सिंह प्रधान वीरपाल सिंह फौजी गिर्राज सिंह सुखबीर सिंह धर्मवीर सिंह महावीर सिंह विनोद सिंह प्रमोद सिंह रणवीर सिंह तेजवीर सिंह भरतसिंह डम्बर सिंह सहित काफी किसान व पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



# पुलिस ने दो शातिर चोर पकड़े, चोरी का सामान व बाइक मिली

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस ने दो चोरो को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान मिला है। पुलिस ने दोनो को जेल भेजा है। थाना रामगढ पुलिस ने ने चैकिंग के दो शातिर चोरों को नंगला गुलरिया मोड कच्चा रास्ता से गिरफ्तार किया है।





**से पकड़ा है।**

पुलिस ने राहुल उर्फ चुम्मा पुत्र शकील निवासी 60 फुटा रोड काली माता मन्दिर के पास थाना रामगढ, अलताब पुत्र फईम निवासी काली टंकी के पास अब्बास नगर थाना रामगढ को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की एक मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट, दो बैटरी (ट्रैक्टर) की, 03 चोरी मोबाइल बरामद किए है।

अभियुक्तों ने पुलिस को बताया सर्दियों की रात मे कोहरे में उसने तथा उसके भतीजे अलताब पुत्र फईम ने मिलकर एमवाई पब्लिक स्कूल के पास खडे ट्रैक्टरों से कई बार में काफी बैटरियाँ चोरी की थी। सभी बैटरियों को अनजान व्यक्तियों के बेच दिया है। जिनमें से दो बैटरियो को आज दिन के समय 2000 रुपए मे बेच था जो आपको 1000 रुपए मिले हैं ये उन्हीं रूपयों में से बचे हैं। मोटरसाईकिल चोरी की है जिसे हमने एक अनजान व्यक्ति से 5000 रुपए मे खरीदी है। तीन मोबाइल भी चोरी के है।

# जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हुआ !

## न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया

**दैनिक समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश डा० बब्बू सारंग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी महेन्द्र सिंह मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविन्द कुमार सिंह-।।, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक (शहर) रवि शंकर प्रसाद एवं बार के अध्यक्ष नाहर सिंह यादव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय डा० बब्बू सारंग जी ने प्री-लिटिगेशन प्रणाली के महत्व एवं प्रभावशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्री-लिटिगेशन प्रक्रिया के अंतर्गत वादों का समाधान वाद दाखिल होने से पूर्व ही आपसी समझौते के माध्यम से किया जाता है, जिससे न्याय में न केवल विलंब से बचा जा सकता है, बल्कि अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक भार से भी निजात मिलती है। इस प्रक्रिया में न्याय न केवल शीघ्र और सहज रूप से उपलब्ध होता है, बल्कि यह विवाद को समाधान में परिवर्तित करने का एक सशक्त माध्यम भी बनती है।

माननीय न्यायाधीश महोदय ने यह भी उल्लेख किया कि "लोक अदालत न्याय का वह स्वरूप है, जहाँ संवेदनशीलता, सहमति और सुलह के माध्यम से समाधान मिलता है, न कि टकराव के माध्यम से निर्णय।" लोक अदालत की कार्यवाही पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें न तो न्यायिक व्यय वहन करना पड़ता है और न ही वर्षों तक खिंचने वाली मुकदमेबाजी से गुजरना पड़ता है। यह प्रक्रिया समय, श्रम और धन की बचत के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को भी प्रोत्साहित करती है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस जनकल्याणकारी एवं भरोसेमंद न्यायिक मंच का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और न्यायपालिका के प्रति अपने विश्वास को और अधिक सशक्त बनाएं।

प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फिरोजाबाद अतुल चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया आज दिनांक 10.05.2025 को जनपद फिरोजाबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के जिस प्रभावी एवं व्यापक निस्तारण को साकार किया गया, वह न्यायिक तंत्र की संवेदनशीलता, जनसंपृक्ति और सेवा भावना का अनुपम उदाहरण है। लोक अदालतों के माध्यम से न्याय को घर-आंगन तक पहुँचाने की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया जाता है। इसी क्रम में आगे बताया कि मैं उन सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति अपनी हार्दिक सराहना प्रकट करता हूँ, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफल हुआ। साथ ही, मैं जनपद के नागरिकों से यह अपील करता हूँ कि वे लोक अदालत जैसी सुलभ, सरल और मानवोचित न्याय व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विवादों को संवाद से समाप्त करने की दिशा में सार्थक भूमिका निभाएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल111284 वादों का निस्तारण किया जिसमें अर्थदण्ड व समझौता राशि कुल मु० 174611769/- रू० है। इनमें से मुख्यतः जनपद न्यायालय द्वारा 7158 वाद, परिवार न्यायालयों द्वारा 108 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 32 वादों का निस्तारण किया गया जिसकी समझौता राशि मु० 9400000/- रू० है। राजस्व न्यायालय द्वारा 41321 वाद, बैंक द्वारा वसूली योग्य 1263 वादों में 158336000/- रू० की धनराशि का सैटलमेंट किया गया। अन्य विभागों द्वारा 61402 वाद निस्तारित किये गये। जनपद न्यायालय फिरोजाबाद न्यायिक अधिकारीगण में डा० बब्बू सारंग जनपद न्यायाधीश द्वारा 02 वाद, सुनील कुमार सिंह-।। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०1 द्वारा 01 वाद, नवनीत कुमार गिरी स्पेशल जज एस०सी०/एस०टी० एक्ट फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, मुमताज अली स्पेशल जज पोक्सो एक्ट फिरोजाबाद द्वारा 04 वाद, सर्वेश कुमार पाण्डेय-।। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 2 फिरोजाबाद द्वारा 03 वाद, साक्षी शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 4 फिरोजाबाद द्वारा 417 वाद, अर्चना गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 9 फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, जितेन्द्र गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 7 फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, श्री संदीप कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 2 फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, राजीव सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 3 फिरोजाबाद द्वारा 05 वाद, रविकांत यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 1 फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, श्याम बाबू चौधरी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं० 1 फिरोजाबाद द्वारा 02 वाद, विमल वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं० 2 फिरोजाबाद द्वारा 03 वाद निस्तारित किये गये।

मजिस्ट्रेट न्यायालयों में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेश कुमार दिवाकर द्वारा 3351 वादों का निस्तारण, सिविल जज सी०डि० डा० निधि यादव द्वारा 23 वादों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद नगमा खान द्वारा 28 वादों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद विनीत कुमार यादव द्वारा 1302 वादों का निस्तारण, अपर सिविल जज सी०डि० कोर्ट नं० 1 फिरोजाबाद सुश्री योगेश शिवा द्वारा 257 वादों का निस्तारण, न्यायिक मजिस्ट्रेट निमिषा गुप्ता द्वारा 1252 वादों का निस्तारण, सिविल जज जू०डि० एफ०टी०सी० कोर्ट नं० 2 सागर तायल द्वारा 156 वादों का निस्तारण, ग्राम न्यायालय टूण्डला अजय सिंह द्वारा 202 वादों का निस्तारण, ग्राम न्यायालय जसराना जावेद द्वारा 96 वादों का निस्तारण, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मुनेश कुमार सिंह द्वारा 15 वादों का निस्तारण व विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अनिल प्रताप सिंह द्वारा 34 वादों का निस्तारण किया गया।

# चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह का, जिलाधिकारी ने किये औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण गृह के मरम्मत का कार्य योजना बनाकर बेहतर ढंग से सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही गृह को जाने वाली सड़क का भी मरम्मत का कार्य किया जाये, रंगाई-पोताई, साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर की जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये और मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाये, इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई गृह द्वारा बताया गया कि इस निरीक्षण भवन का निर्माण वर्ष-1916 में कराया गया था और इसका नामकरण चौधरी चरण सिंह के नाम पर 2005 में किया गया था, निरीक्षण गृह व सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग मुशरत मिया, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# एमडी ने किया अनपरा तापीय परियोजना दौरा

- अभियंता संघ ने नवागत एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत
- प्रतिनिधियों ने मांगपत्र देकर ज्वलंत समस्याओं पर की चर्चा



**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के नवागत प्रबंध निदेशक डॉ रूपेश कुमार तथा निदेशक तकनीकी इं अश्विनी त्रिपाठी ने शनिवार को अनपरा तापीय परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर इकाइयों के परिचालन एवं अनुरक्षण का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने अ ताप, द ताप विद्युत गृह के कंट्रोल रूम तथा इंटेक ऑफटेक चैनल का निरीक्षण भी किया फिर परियोजना के अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार,मुख्य अभियंता इं मधु मुखरैया, महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ, महाप्रबंधक द इं विजय बहादुर, महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुर्वेदी, सीएमओ डॉ एएन बरनवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं, सुरक्षा, चिकित्सा इत्यादि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया तथा गर्मी के मौसम में बढ़ते विद्युत की मांग के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं दामिनी अथितिगृह में अभियंता संघ तथा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने नवागत एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और इस दौरान प्रतिनिधियों ने उन्हें मांगपत्र देकर विगत मार्च 2023 में सांकेतिक हड़ताल के दौरान निलंबित कार्मिकों के विरुद्ध प्रचलित जांच को जल्द समाप्त कराने,वर्ष 2009 एवं बाद के सहायक अभियंताओं की सीनियरिटी लिस्ट जारी कराने,अधिशासी अभियंता तथा अन्य सभी संवर्ग के कार्मिकों के रिक्त पड़े पदों के विरुद्ध लंबित प्रमोशन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने, लंबित समयबद्ध वेतनमान का आदेश जारी करने, हॉस्पिटल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत विशेषज्ञ चिकित्सकों में सर्जन, येनेस्थेसिया, कॉर्डियोलॉजिस्ट, गायनो, फिजियोथेरेपिस्ट की भर्ती कराने तथा अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन को चालू कराने और प्रोत्साहन भत्ता के साथ सभी भत्तों को पुनरीक्षित करने इत्यादि मांगो पर विस्तृत चर्चा किया। वार्ता मे मुख्य रूप से इं अदालत वर्मा, इं एसपी यादव,इं मनोज यादव, इं दिनेश शंकर द्विवेदी, इं राम दरश,इं दुष्यंत कुमार, विष्णु देव झा, प्रशांत उपाध्याय, अविनाश सिंह, श्रीकान्त, विशम्भर सिंह, विकास जायसवाल, अविनास सिंह, प्रशांत उपाध्याय, जितेन्द्र जायसवाल, राजीव यादव,राकेश वर्मा, सुरेश प्रजापति, सुजीत सोनी, शैलेंद्र सिंह समेत सभी संगठनों के प्रतिनिधि एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

# ओबरा ताप विद्युत गृह पर स्विचयार्ड ट्रांसफार्मर में हुई अग्नि की दुर्घटना की जॉच हेतु जॉच कमेटी का किया गया गठन।



**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने अवगत कराया है की ओबरा ह्यबह्ल ताप विद्युत गृह पर 400/220 के0वी0 स्विचयार्ड के इन्टरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) में 08 मई 2025 को प्रातः 06:51 बजे हुई आग लगने के कारण परियोजना में व्यवधान उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई। तत्कम में मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। आग लगने की हुई घटना के कारणों, क्षति के आंकलन एवं तापीय परियोजना के अन्दर महत्वपूर्ण संयंत्रों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध किया जाना आवश्यक है, साथ ही परियोजना के बाहर अवैध रूप से रह रहे / आवासितों की भी विधिवत जाँच किया जाना आवश्यक है तथा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु तापीय परियोजना द्वारा क्या प्रबन्ध किये गये हैं इसकी भी जॉच किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया की ओबरा ह्यबह्ल ताप विद्युत गृह पर 400/220 के०वी० स्विचयार्ड के इन्टरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) में हुई हुई उक्त अग्नि की दुर्घटना की जॉच हेतु जॉच कमेटी का गठन किया गया है, गठित जाँच कमेटी में उप जिलाधिकारी, ओबरा सोनभद्र को अध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक, ओबरा-सोनभद्र सदस्य, मुख्य महाप्रबन्धक, ओबरा तापीय परियोजना, ओबरा को नामित अधिकारी सदस्य, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सोनभद्र सदस्य, कमान्टेन्ड, सी०आई० एस० एफ०, ओबरा यूनिट, ओबरा, सोनभद्र सदस्य नामित किया गया है। जाँच कमेटी हेतु नामित अधिकारीगण उपरिवर्णित हुई अग्नि घटना के बावत स्थलीय निरीक्षण, अभिलेखीय परीक्षण व प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जॉच करते हुए अपनी टिप्पणी / संस्तुति सहित सुस्पष्ट जॉच आख्या जिलाधिकारी को अति शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

# अपना दल (एस) ओबरा विधानसभा की मासिक बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



**दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। अपना दल (एस) ओबरा विधानसभा की मासिक बैठक शनिवार को चोपन स्थित काली मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबरा विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रभु नाथ खरवार जी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष, अपना दल (एस) युवा मंच श्री आनन्द पटेल दयालु उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री आनन्द पटेल दयालु ने कहाः
"संगठन की असली ताकत पदों में नहीं, विचारों और कर्म में होती है। हर कार्यकर्ता अगर अपने कर्तव्यों को समझे और पूरी निष्ठा से पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाए, तो कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती।"

उन्होंने आगे कहा, "माननीय अनुप्रिया पटेल जी और माननीय आशीष पटेल जी ने जिस प्रकार समाज के वंचित और शोषित वर्गों की आवाज को संसद तक पहुंचाया है, वह हम सबके लिए प्रेरणा है। हमें उनके हाथों को मजबूत करने के लिए संगठन के हर स्तर पर मजबूती से काम करना होगा।"

"हर गांव, हर वार्ड, हर बूथ पर अपना दल (एस) की मजबूत उपस्थिति होनी चाहिए। जब अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचेगा, तभी हमारे संघर्ष को सार्थकता मिलेगी। यही हमारा मिशन है, और यही हमारी पहचान है।"

जनाब महताब आलम ने कहाः
"अपना दल (एस) सभी वर्गों की आवाज है, हम अल्पसंख्यक समाज को भी सम्मान और भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगठन की मजबूती से ही सामाजिक न्याय संभव है।"

श्रीमती प्रीति सिंह ने कहाः
"महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। गांव की हर बेटी को जागरूक कर, संगठन से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है।"

कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता रहे उपस्थित। इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनाब महताब आलम (प्रदेश सचिव, अल्पसंख्यक मंच) और श्रीमती प्रीति सिंह (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंच) मौजूद रहीं। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जनाब शिब्बु शेख, जिला सचिव संतोष पटेल, संतोष कनौजिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामलाल प्रजापति व दीपक सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच जनाब शरीफ खान, विधानसभा उपाध्यक्ष शुखम्भर राव एवं महिला मंच की विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती शीला देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पार्टी में कई नए लोगों ने की सदस्यता ग्रहण

श्री आनन्द पटेल दयालु की अगुवाई में श्रीमती मीनू राय और श्रीमती सुशीला देवी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जबकि श्री प्रभु नाथ खरवार जी की अगुवाई में श्रीमती रूबी यादव ने भी पार्टी ज्वाइन कर संगठन को मजबूती प्रदान की।

बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प दोहराया और आने वाले चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# जनपद सोनभद्र में 14 मई को रोजगार मेले का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद में 14 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कई कंपनियां युवाओं को रोजगार देने हेतु प्रतिभा करेंगी। जानकारी के मुताबिक जिला सेवायोजन कार्यालय (जिला अस्पताल के सामने, लोढ़ी, सोनभद्र) के परिसर में 14 मई को सुबह 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक योग्यता अपने समस्त अभिलेख एवं बायोडाटा के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में प्रतिभा करने वाले अभ्यर्थियों को पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस।

- अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चोपन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा थाना रायपुर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं।
- समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र के थानों पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं।
- जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश।

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। दिनांक-10.05.2025 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र कालू सिंह के द्वारा थाना चोपन पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के द्वारा थाना रायपुर पर इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित थानों पर ह्लथाना समाधान दिवसह्व के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा ओबरा के बैनर तले मनाई गई महाराणा प्रताप जी की भव्य जयंती समरोह



**शिव प्रताप सिंह/ तहसील संवाददाता ओबरा/ दैनिक समाज जागरण।**

ओबरा/ सोनभद्र। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा न्यू कॉलोनी वार्ड 15 में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर वक्ताओं के द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन परिचय के साथ उनकी त्याग, तपस्या, स्वाभिमान और शौर्य को लेकर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके जीवन से अपने व अपने बच्चों के जीवन में महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने भविष्य का निर्धारण ही समाज में सम्मान और स्वाभिमान प्राप्त किया जा सकता है। श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह ने कहा की जिस प्रकार महाराणा प्रताप ने अपने सम्मान और स्वाभिमान के साथ कभी समझौता नहीं किया और जीवन पर्यंत स्वतंत्र जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त कर अपने प्रजा को सर उठाकर जीने का अधिकार अपने शासन के दौरान दिया। महाराणा प्रताप को एक शौर्य का प्रतीक, स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त, एक कुशल नेतृत्वकर्ता राजा के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने उज्जवल भविष्य का निर्धारण करना चाहिए। एक अच्छे राजा के नेतृत्व में जाट, भील, गुर्जर जैसे वीर योद्धाओं ने युद्ध लड़े और विजय श्री प्राप्त की। और भामाशाह ने तो अपने राजा के लिए संपूर्ण खजाना राष्ट्र के लिए दे देना यह एक कुशल नेतृत्वकर्ता के ही निशानी है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष के द्वारा क्षत्रिय समाज की सक्रियता व संगठन को मजबूत करने के लिए अभिजीत सिंह को नगर अध्यक्ष ओबरा, बृजेश सिंह जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

# रॉबट्र्सगंज पुलिस ने शीतला मन्दिर के पास चली गोली एवं मारपीट में संलिप्त एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।



**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा दिनांक 01.02.2025 को शीतला मन्दिर चौक, कस्बा रॉबट्र्सगंज जनपद सोनभद्र में चली गोलियों के क्रम में एक अन्य अभियुक्त कमला पति त्रिपाठी उर्फ कमला तिवारी पुत्र उमा शंकर त्रिपाठी निवासी ग्राम तियरा शिवदत्त थाना करमा जनपद सोनभद्र हाल पता मोहल्ला अम्बेडकर नगर वार्ड नं0-15 रॉबट्र्सगंज थाना रॉबट्र्सगंज जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 10.05.2025 को समय करीब 08.05 बजे चण्डी होटल के पास पुल के नीचे से गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। दिनांक 01.02.2025 को शीतला मन्दिर के पास चली गोली एवं मारपीट में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-116/2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 324(4), 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 7 सीएलए एक्ट, व 3/25 आर्म एक्ट थाना रॉबट्र्सगंज जनपद सोनभद्र पंजीकृत हुआ, जिसमें अभियुक्त कमला पति त्रिपाठी उर्फ कमला तिवारी उपरोक्त की संलिप्तता पाये जाने के आधार पर चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने चांड़ी से घाघर नहर तक, सम्पर्क मार्ग पक्का बनाये जाने की मांग



**दैनिक समाज जागरण**

करमा/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत भरकवाह मे राजस्व गांव चांड़ी से घाघर नहर तक निमार्णाधिन सम्पर्क मार्ग को पक्का बनाये जाने की मांग की गयी है, घोरावल राजवाहा पर बने रेलवे क्रासिंग बन्द होने के बाद उक्त संपर्क मार्ग ही बाजार, बैंक, सहकारी गोदाम, स्कूल, अस्पताल, ब्लाक तहसील आदि पहुंचने का एक मात्र रास्ता बचा है, सम्पर्क मार्ग नही होने से ग्रामीणों को दस किलो मीटर दूरी का चक्कर लगाकर करमा बाजार तक पहुंचना पड़ता है।

ग्राम पंचायत भरकवाह के प्रधान विकास सिंह ने बताया कि लगभग दस साल पूर्व करमा बाजार के समीप घोरावल राजवाहा पर बने रेलवे क्रासिंग को अकारण बन्द कर दिया गया, जिसका क्षेत्र के दर्जन भर गावों के लोगों द्वारा भरपुर विरोध किया गया क्योंकि रेलवे क्रासिंग बन्द होने से पचीस हजार की आबादी प्रभावित हुई है, रेलवे क्रासिंग बन्द होने के साथ ही पूर्व मे चांड़ी गांव के लिए बनाये गये सम्पर्क मार्ग का सीधे बाजार तक पहुंचने तक के लिए कोई खास मतलब नही रह गया, इसलिए दूसरे निमार्णाधीन सम्पर्क मार्ग की अधिक जरूरत पड़ने लगी है, गुलाब प्रसाद, शिव शंकर, ईशवरी प्रसाद, शिव प्रसाद, अखिलेश सिंह धन्नू मौर्या राम केश, राम बिचार आदि गांव के लोगों का कहना है कि सम्पर्क मार्ग बन जाने से बारिश के दिनों मे स्कूल, बाजार, कोर्ट कचहरी जाने के लिए दस किलो मीटर दूरी का चक्कर नही लगाना पड़ेगा, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र बन रहा है, बदलाव की मिसाल

**दैनिक समाज जागरण।**



चोपन/ सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) नीति के अंतर्गत संचालित संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र ने क्षेत्र में जनस्वास्थ्य और सामाजिक पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 25 मार्च 2025 को शुरू हुए इस केंद्र ने अब तक 600 से अधिक नशा पीड़ितों को परामर्श, उपचार और पुनर्वास सेवाएं प्रदान की हैं। इस केंद्र का संचालन सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च (रश्अफ) द्वारा किया जा रहा है, जो नशामुक्ति, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रियता से कार्यरत है। 15 विस्तरों वाले इस केंद्र में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की गई है। रश्अफकी टीम केवल केंद्र तक सीमित नहीं है – यह टीम गाँव-गाँव जाकर नशा मुक्ति अभियान भी चला रही है, जहाँ वे लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और जरूरतमंदों को उपचार की जानकारी देकर उन्हें केंद्र तक जोड़ रहे हैं। यह जमीनी स्तर पर किया गया प्रयास अब समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक मार्गदर्शक भिखारी बाबा ने हाल ही में केंद्र का दौरा किया और वहाँ की सेवाओं, टीम के समर्पण तथा वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र सिर्फ चिकित्सा सेवा नहीं, आत्मिक उपचार का स्थान भी है। रश्अफ की टीम ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल नशा मुक्ति नहीं, बल्कि आचरण और सोच में स्थायी परिवर्तन लाना है। उनका लक्ष्य है कि नशा पीड़ित हर व्यक्ति तक यह सेवा पहुंचे, चाहे वह नगर में हो या किसी दूरस्थ गांव में। इस परियोजना को स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का निरंतर समर्थन प्राप्त हो रहा है, जो इसके प्रभाव को और अधिक सशक्त बनाता है।

# अज्ञात व्यक्ति द्वारा दस वर्षीय नाबालिक बालक की हत्या, क्षेत्र मे मचा सनसनी परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के थाना जुगैल क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला घटना सामने आया। ग्राम पंचायत जुगैल टोला रामनगर में 10 वर्षीय नाबालिक लड़के का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरामणि पुत्र दद्दन खरवार थाना जुगैल पर सूचना दिया कि मेरे पुत्र कप्तान खरवार 10 वर्षीय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है।तत्काल सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जुगैल, क्षेत्राधिकारी ओबरा, एडिशनल एसपी मुख्यालय, घटनास्थल पर मौजूद रहे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। जुगैल पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**दैनिक समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के बघाडू गांव में शुक्रवार की देर रात घर के बडेर में लटकता एक नाबालिग छात्रा का शव मिला. अमवार चौकी इंचार्ज मख्खन सिंह ने बताया कि बघाडू गांव के बोलताकरम टोला निवासी



लक्ष्मी 17 वर्ष पुत्री अजय शुक्रवार की रात्रि में घर के बडेर में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला है. घर के परिजन रिश्तेदार के यहाँ वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे. शनिवार की तड़के घर पहुँच कर लटकता हुआ शव देखते ही सन्न रह गए. उक्त घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई. अमवार चौकी इंचार्ज ने घटना स्थल पर पहुँच कर मौका मुआयना कर, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया. पुलिस जांच में जुट गई।

# दुर्घटनाग्रस्त मे कार क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचा परिवार।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**

रेणुसागर/ सोनभद्र। थाना क्षेत्र कवुआनाला मोड के पास हुआ कार दुर्घटना कार सवार बाल बाल बचे औडी से शक्तिनगर तरफ जा रहे राख बल्कर ने एक कार को पास लेने के दौरान टक्कर मार दिया जिसमे मोहित तिवारी बिना निवासी सहपरिवार सवार थे मोहित तिवारी बताए की हम रेलवे स्टेशन से बिना अपने आवास को जा रहे की मेघा कालोनी कवुआ नाला के पास पिछे से आ रहा राख बल्कर ट्रक ओवरटेक किया हमारे कार मे टक्कर मारा जिससे कार मे सवार बच्चे व परिवार डर के शोर मचाने लगे संयोग था किसी को कुछ नही हुआ सभी लोग बाल बाल बच गए घटना स्थल के लोगो द्वारा राख बल्कर ट्रक ड्राईवर को पकडे लियो गया।



# ओबरा थाना प्रभारी ने बैठक कर सिम विक्रेताओं को दिए निर्देश

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधों और फर्जी सिम कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से जिले के समस्त सर्किल अन्तर्गत थानों पर क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा सिम विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ जागरूकता मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य सिम कार्ड की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और



फर्जी दस्तावेजों के उपयोग को रोकना था।शनिवार को ओबरा थाना परिसर पर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने सभी सिम विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे ग्राहकों का पूरा विवरण (नाम, पता, मोबाइल नंबर, सिम एक्टिवेशन तारीख, और अन्य आवश्यक जानकारी) निर्धारित प्रोफार्मा में दर्ज करें। साइबर फ्रॉड और अन्य अपराधों में फर्जी सिम के उपयोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए, विक्रेताओं को इसके बारें में समझाया गया। सिम डिस्ट्रीब्यूटर्स को अपने रिटेलर्स का पूरा रिकॉर्ड रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।साथ ही सभी सिम विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स से अपील की कि वे नियमों का सख्ती से पालन करें और साइबर अपराधों को रोकने में सहयोग करें। नागरिकों से भी अनुरोध है कि वे सिम खरीदते समय केवल अधिकृत विक्रेताओं से संपर्क करें और अपनी पहचान का दुरुपयोग होने से बचें।इस मौके पर एसआई राम सिंह यादव,राम लोचन यादव आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार का बड़ा कीर्तिमान, एक साल में 30 लाख राजस्व मामलों का निस्तारण

लखनऊ, 10 मई : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व मामलों के निस्तारण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बीते एक साल में प्रदेशभर में उप जिलाधिकारी और तहसीलदार स्तर पर करीब 30 लाख राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया है। सरकार की इस पहल से जनता को समय पर न्याय और राहत मिली है। राजस्व मामलों में तेजी से फैसले लेते हुए प्रदेश सरकार ने दिखा दिया है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और मॉनीटरिंग से बड़े बदलाव संभव हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त निगरानी और दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व विभाग में लंबित मामलों को गंभीरता से लिया गया और उन्हें समयबद्ध तरीके से निपटाया गया। इसका परिणाम यह है कि जनता को जमीन से जुड़े विवादों में त्वरित न्याय मिल रहा है और प्रदेश प्रशासनिक दृष्टि से सशक्त बनता जा रहा है।

**जमीन के मालिकाना हक से जुड़े मामलों का तेजी से हुआ समाधान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत एक वर्ष में 24 लाख से अधिक नामांतरण के मामलों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही जमीन के मालिकाना हक से जुड़े मामलों का तेजी से समाधान किया गया। जिससे जनता को बड़ी राहत मिली है। कुल 30 लाख मामले उपजिलाधिकारी और तहसीलदार स्तर पर निस्तारित कराए गए हैं। योगी सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रशासन ने बड़ी जिम्मेदारी निभाई है, जिससे रिकॉर्ड स्तर पर राजस्व मामलों का समाधान किया गया।

# डीआईजी अजय साहनी ने समाधान दिवस पर थाना इज्जतनगर का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट डीआईजी अजय साहनी ने शनिवार को थाना इज्जतनगर में समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई करते हुए अपनी सक्रिय और अनुशासित कार्यशैली का परिचय दिया।



### जनसुनवाई में तत्काल समाधान पर जोर

थाना इज्जतनगर में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर डीआईजी अजय साहनी के साथ पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भटनागर ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान डीआईजी साहनी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण त्वरित और निष्पक्ष तरीके से किया जाए।

विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर समाधान कराने का निर्देश दिया।

### थाना निरीक्षण में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जनसुनवाई के बाद डीआईजी अजय साहनी ने एसपी नगर राहुल भटनागर और सीओ (नगर तृतीय) अरविंद कुमार के साथ थाना इज्जतनगर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, बैरक, बंदीगृह, मालखाना (सम्पत्ति गृह) सहित समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कर्मियों को स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

### अपराधियों पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई के निर्देश

डीआईजी ने थाना स्तर पर अपराध और अपराधियों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट जैसी धाराओं में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन (अप-टू-डेट) रखने तथा उनके उचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ पंकज श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर इज्जतनगर विजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान 'परवाह' के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने दिखाया जागरूकता का परिचय, किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। एडीजी व एसएसपी के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में सड़क सुरक्षा संबंधी डिजिटल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का संचालन एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल के निर्देशन में पीएसए डिजिटल इंडिया सॉफ्टवेयर कंपनी के सौजन्य से किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 तक के कुल 55 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



### सीओ ट्रैफिक और टीआई ने बांटे पुरस्कार

प्रतियोगिता के उपरांत सीओ ट्रैफिक नरेश कुमार सिंह और टीआई मनीष कुमार शर्मा द्वारा विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

### इन छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

कक्षा 6 से 8 वर्ग में कक्षा 9-बी के छात्र सारांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 11-ए के विशेष चौधरी द्वितीय और अहम सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 9 से 12 वर्ग में कक्षा 7-ए की छात्रा दृष्या प्रथम, कक्षा 8-बी के मनी यादव द्वितीय और कक्षा 7-ए की आराध्या मौर्य तृतीय स्थान पर रहीं।

### दूसरों को भी प्रेरित करने की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान टीआई विपिन राघव, टीएसआई देवेश कुमार, महिला सिपाही पूजा मलिक सहित यातायात पुलिस की जागरूकता टीम ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का महत्व बताया गया एवं उन्हें इन नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

# जेसीबी से अतिक्रमण हटाने पर भड़का डायल 112 कर्मी, जेई से की मारपीट

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। वीरसावरकर नगर में नाली निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ डायल 112 के चालक (होमगार्ड) ने अवर अभियंता से मारपीट और गालीगलौज की। अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी मौके पहुंचे और अतिक्रमण को जेसीबी से तुड़वा दिया। मामले की शिकायत एसपी सिटी और थाना प्रभारी इज्जत नगर से की गई है।



निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि वार्ड 10 के वीर सावरकर में नाली निर्माण किया जाना है। यहां निर्माण कार्य में कई जगहों पर अतिक्रमण बाधा बन रहे थे। इसके हटाने के लिए शुक्रवार को अवर अभियंता वीर प्रताप पटेल, सुपरवाइजर व अन्य टीम के साथ पहुंचे। जहां पर टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया।

अवर अभियंता का आरोप है कि इस दौरान प्रेम नगर थाने में डायल 112 का वाहन चालक पारितोष चौहान आए और अपनी भूमि बता कर जेसीबी को रोक दिया। इस पर नगर निगम की टीम ने बैनामे के दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। वह भड़ गए और अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। सूचना पर नगर निगम के अन्य कर्मचारियों के साथ अधिशासी अभियंता आदि पहुंचे गए और तीन जेसीबी लगवाकर अतिक्रमण को तुड़वा दिया।

### मूकदर्शक बना रहा दस्ता

अभी कुछ दिन पहले छोटी विहार में अवर अभियंता वीर प्रताप सिंह पटेल के साथ एक दरोगा ने अतिक्रमण हटाने को लेकर अभद्रता की थी। मामले में मारपीट का भी आरोप लगा था। इसके कारण नगर आयुक्त को पहुंचना पड़ा और अपने सामने अतिक्रमण हटवाया था। अब वीर सावरकर नगर में अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद हो गया, मगर अवर अभियंता के साथ हुई घटना के बाद प्रवर्तन दल दस्ता आरोपी को पकड़ने में आगे नहीं आया।

# ट्रेन की छत पर यात्रा कर रहा यात्री आया हाइटेंशन लाइन की चपेट में , जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । दिल्ली जा रहे यात्री को ट्रेन में गर्मी लगी यात्री ने ट्रेन की छत पर बैठ कर यात्रा करना शुरू कर दी तभी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया और ट्रेन से नीचे गिरा जीआरपी पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



### घायल की मां ने बताया कि

जिला हरदोई के थाना सांदली क्षेत्र के गांव रसूला पुर निवासी है मेरा बेटा 28 वर्षीय राहुल पुत्र ओमप्रकाश दिल्ली जाने के लिए शुक्रवार को शाम 3 बजे घर से निकला था राहुल दिल्ली में प्राइवेट गाड़ी चलाता है। रात में ट्रेन से दिल्ली जा रहा था ट्रेन में राहुल को गर्मी लगी राहुल ट्रेन की छत पर बैठने चला गया ट्रेन की छत पर यात्रा करते समय राहुल हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया और राहुल बुरी तरह से झुलस गया और ट्रेन से नीचे गिरा जीआरपी पुलिस ने राहुल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिवार वालों को सूचना दी परिवार वाले जिला अस्पताल पहुंचे राहुल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है रेलवे कर्मचारी की भी जिम्मेदारी बनती हैं ट्रेन के ऊपर हाइटेंशन लाइन है ट्रेन की छत पर कोई न बैठे।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच बरेली में अलर्ट मोड, 53 स्थानों पर नाकाबंदी

बरेली। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच जिले में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। एसएसपी ने सभी थानों से रिपोर्ट मंगाकर जिले में 53 स्थानों को चिह्नित किया है, जहां पर नाकाबंदी कर बैरिकेडिंग करते हुए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही संदिग्ध लोगों समेत वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही है। पुलिस की तरफ से हर एक नाके पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।



कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। जिसे देखते हुए शुक्रवार देर रात तक एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों समेत थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट पर मीटिंग कर कई मुद्दों पर जरूरी निर्देश दिए।

साथ ही थाना पुलिस की रिपोर्ट पर शहर से लेकर देहात तक 53 स्थानों को चिह्नित किया। जहां पर बैरिकेडिंग कर एक दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जहां मौजूद पुलिस कर्मी संदिग्ध लोग और वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। एसएसपी ने साफ किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए।

### शहर के इन स्थानों पर नाकाबंदी

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी उद्यान, प्रेमनगर के कुदेशिया फाटक, डेलापीर चौकी के सामने, कैंट में बुखारा मोड़, मोहनपुर तिराहा, किला में ईदगाह पुलिया बाकरगंज, मिनी बाईपास, सीबीगंज के रोड नंबर एक परसाखेड़ा, टियूलिया अंडरपास, सुभाषनगर के रामगंगा तिराहा, बारादरी के ईसाइयों की पुलिया, डोहरा मोड, इज्जतनगर के विलय धाम, सौ फुटा रोड को चिन्हित कर बैरिकेडिंग की गई है। देहात क्षेत्र में भी स्थान चिह्नित किए गए हैं।

### मोबाइल और जिग-जैक नाका भी

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जो स्थान चिह्नित किए हैं, वहां पर बैरिकेडिंग लगाते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। साथ ही शहर में मोबाइल और जिग-जैक नाका भी लगाया जाएगा। मोबाइल नाका स्थाई नहीं होगा। जिसे एक दो घंटे बाद मोबाइल फोन कर अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

साथ ही जिग-जैक नाके भी लगाए जाएंगे। जिससे अगर कोई भी वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास करे तो वह भागने में सफल न हो। जिग-जैक नाके में बैरिकेडिंग को आगे-पीछे करते हुए घुमाकर लगाई जाएगी। अगर कोई वाहन चालक रफ्तार में निकलता चाहेगा तो वह भागने में सफल नहीं होगा।

### एसपी सिटी ने फोर्स के साथ किए पैदल गश्त

जिले में शांति व्यवस्था के मद्देनजर देर शाम पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने भारी फोर्स के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत प्रमुख बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं, संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस गश्त को बढ़ाया गया है। एसपी सिटी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति को रोकने के लिए सतर्कता बरती जाए और नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। आमजन से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में महिला पुलिस बल की भागीदारी भी देखने को मिली। एसपी सिटी ने बताया कि शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

# शौर्य और वीरता की मिसाल थे महाराणा प्रताप, शौर्य दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में वीर सपूत पराक्रमी महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को जिला अस्पताल स्थित महाराणा प्रताप सिंह पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि शूरवीर महाराणा प्रताप बहुत ही वीर निर्भीक और पराक्रमी थे जिन्होंने अपनी वीरता से मुगलों के छक्के छुड़ा दिए। मुख्य वक्ता इं. ए. एल.गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और वह अंत तक देश के लिए लड़ते रहे। प्रकाश चंद्र सक्सेना,सुनील कुमार शर्मा, इन्द्र देव त्रिवेदी,मीरा मोहन, सुधीर मोहन, निर्भय सक्सेना ने भी प्रसंग साझा किए। मानव सेवा क्लब ने जिला अस्पताल से नैनीताल रोड तक तिरंगा यात्रा भी निकाली। भारत माता की जय,भारतीय सेना की जय, वन्दे मातरम के जोरदार नारे लगाए।




# ब्लैक आउट के बाद अब कंट्रोल रूम भी तैयार, हर शिफ्ट में तैनात कर्मचारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पाकिस्तान से तनाव के मद्देनजर हवाई हमलों से बचाव करने के लिए बरेली पहले से तैयार है। दो दिन पहले बरेली वासियों को ब्लैक आउट कराकर हवाई हमलों से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। वहीं, सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई। कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा।



जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी आपरेशन सेंटर कक्ष संख्या-11 में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है, जो अग्रिम आदेशों तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0581-2422202, 0581-2428188 जारी किया गया है।

कंट्रोल रूम में शिवेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी/न्याय सहायक-प्रथम, कलेक्ट्रेट, सुबह 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक, मुन्ना लाल प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं सिराज अहमद प्रशासनिक अधिकारी/अनुभाग प्रभारी राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम होंगे।

हाजी शफी अहमद, सहायक अध्यापक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व पवन कुमार लिपिक कार्यालय नगर शिक्षा अधिकारी सुबह 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक, मनोज कुमार, सहायक अध्यापक, कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी व उमंग कुमार सक्सेना कार्यालय नगर शिक्षा अधिकारी अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तैनात रहेंगे। मनोज कुमार कार्यालय क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी व अब्दुल सलाम वरिष्ठ लिपिक कार्यालय क्षेत्रीय सेवायोजन रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तैनात रहेंगे।

# आयुष्मान कार्ड , वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन योजना आदि का व्यापारियों ने लगाया नि:शुल्क शिविर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। उद्योग व्यापार सुरक्षा मण्डल द्वारा आम व्यापारी व आमजन्न के परिवार व वृद्ध हेतु निःशुल्क आयुष्मान कार्ड व वृद्ध पेंशन आवेदन शिविर का आयोजन दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से बजे शाम 5 बजे तक साईं नेट कैफे, निकट महावीर होटल, जनकपुरी में किया गया । जिसमें शुरूआती समय से पूरे दिन भर में कई बुजुर्ग , महिलायें, छात्र छात्रायें, व्यापारी , आमजन जरूरतमंद आये जिन्होंने आयुष्मान कार्ड , वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, स्वरोजगार योजना आदि के निःशुल्क आवेदन कर योजनाओं के भागीदारी बने ।




साथ ही एगिलस डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा निशुल्क जाँच हुई जिसमें कई लोगों ने जाँच कराई।

अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने कहा की सरकार की जनहित में जो योजनाएँ चलती हैं उसकी जानकारी व उसका लाभ सभी को सीधा मिल सके उस उद्देश्य से ये शिविर लगवाया गया है क्योंकि बिना जानकारी के या किसी अभाव में लोगों तक जनहित की योजनाएँ नहीं पहुँच पाती सभी जिम्मेदार लोगों की ज़िम्मेवारी है की इस तरह के आयोजन कर जनता को लाभ दिलाएंगे।

इस शिविर में गौरव सक्सेना अध्यक्ष, दिलीप खुराना महामंत्री , चेतन गुजराल महामंत्री , शोएब खान महासचिव, अमित कंचन उपाध्यक्ष , रौनक जॉली, अंकित खण्डूजा राजेंद्र नगर इकाई अध्यक्ष , ऋषि वर्मा, आकाश शर्मा, शैलेंद्र सिंह, सरताज हुसैन, आदि सम्मिलित रहे।

# स्मॉल रिफाइनरी को दिया जाए लाइसेंस : अनिल पाटिल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन के नेतृत्व मे दिल्ली मे मराठी व्यापारीयो का महासम्मेलन हुआ। इसमें सोने चांदी का काम करने वाले ज्वेलर्स मराठी व्यापारी हॉलमार्क सेंटर के व्यापारी कंप्यूटराइज टेस्टिंग के व्यापारी मैन्युफैक्चरिंग के व्यापारी और सोना चांदी गलाने वालों ने हिस्सा लिया। उन्होंने केंद्र सरकार से व्यापारियों की समस्या की ओर ध्यान देने के लिए कहा। कलम 411 नया 317 मैं संशोधन करना व्यापारी हित में जरूरी है स्मॉल रिफाइनरी को लाइसेंस दिया जाए।



### इस व्यापार को सूक्ष्म एवं लघु उद्योग का दर्जा मिलना चाहिए

बरेली के प्रतिष्ठित उद्योजक राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पाटिल के नेतृत्व में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोलकाता के उपाध्यक्ष अजीत शिंदे जालंधर पंजाब के शंकर पवार के साथ अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन केदारनाथ ने सभी व्यापारियों को एकत्रित किया। केंद्र सरकार से निवेदन किया है कि हमारी संस्था अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन पूरे देश में 6 लाख व्यापारियों का नेतृत्व करती है व्यापारियों की समस्या का मुद्दे पर चर्चा करके केंद्र सरकार से समस्या का समाधान निकालने के आवेदन दिया। जिसमें प्रमुखता से डिमांड कि इस व्यापार को सूक्ष्म एवं लघु उद्योग का दर्जा मिलना चाहिए। कलम 411 नया 317 मैं संशोधन करना व्यापारी हित में जरूरी है स्मॉल रिफाइनरी को लाइसेंस दिया जाए।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र पंडित जी ने व्यापारियों की समस्या पर विचार करके केंद्र सरकार से उनकी समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। सम्मेलन में व्यापारियों ने दिल्ली में हजारों की संख्या में एकत्र होकर व्यापारी समाज के हित के लिए एकता की मिसाल दिखाकर व्यापारियों को न्याय देने का संकल्प लिया। इस सम्मेलन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर व्यापारियों के ऊपर होने वाले परेशानी के लिए अवगत कराया कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया ताई रहाटकर, नितिन वाघमोडे आयकर आयुक्त पुणे, सचिन मोटे आयकर उपायुक्त मुंबई केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले केंद्रीय मंत्री रक्षा ताई खडसे, महाराष्ट्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक गोपीचंद पडलकर, दिनेश दुबे जीवाणिज्य उद्योग मंत्रालय के अध्यक्ष संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शंकर सेठ पवार, राजाराम देशमुख विश्वास, सिद्धिविनायक मंदिर मुंबई श्री गणेश इनामदार किरण आदि मौजूद रहे।

# श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाई स्कूल ने मनाया मदर्स डे

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। कालीबाड़ी स्थित श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाई स्कूल में रविवार को होने वाले मदर्स डे का इस बार समय को देखते हुए कुछ इस तरह से मनाया गया आज विद्यालय में प्रधानाचार्या मंजू खत्री ने बच्चों को पाकिस्तान से आतंकवाद के विरुद्ध हो रहे युद्ध के प्रति सावधानी बरतने व अपनी-अपनी माँ के साथ-साथ सर्वोपरि भारत माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए मदर्स डे मनाने को कहा।



प्रधानाचार्या ने कहा इस समय सीमा पर बहुत तनाव की स्थिति है हमें अपने शूरवीर सैनिकों का उनके परिवारों का हौसला बड़ाना चाहिए साथ ही भगवान से सैनिकों की जीत व कुशलता की कामना करनी चाहिए।

# छात्रों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सशस्त्र बलों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में एक विशेष आयोजन के माध्यम से छात्रों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की सफलता पर भारत के सशस्त्र बलों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका सरकार ने छात्रों को इस साहसिक अभियान की पृष्ठभूमि, उद्देश्य तथा इसकी रणनीतिक सफलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने देश की शान तिरंगे को हाथ में लेकर देश के प्रति अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया और अपने सशत्र सेना बल को सलामी दी। प्रबंधक डॉ सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों में राष्ट्रप्रेम और सैन्य बलों के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल करने हेतु आयोजित किया गया।




# संविदा बिजली कर्मियों की सुरक्षा पर जोर, ट्रेनिंग के साथ की गई उपकरणों की मांग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मुख्य अभियंता के निर्देश पर बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों की शुक्रवार से विद्युत सुरक्षा ट्रेनिंग शुरू हो गई।

मुख्य अभियंता ने कंपनी को पत्र लिखकर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि फाल्ट ठीक करते समय कर्मचारी हादसे का शिकार न हो सकें।



नकटिया सबस्टेशन पर एसडीओ अमित सक्सेना ने कंपनी के पदाधिकारियों के साथ संविदा कर्मचारियों को फाल्ट ठीक करने के तरीके बताए।

जिसमें कहा गया कि हमेशा सुरक्षा उपकरण लगाकर ही फाल्ट ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ें। वहीं लोगों से अपील की गई कि वह अपने पशुओं को बिजली के पोल से न बांधें।

# गांजे की बड़ी खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 1.5 लाख की कीमत का माल बरामद

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना प्रेमनगर पुलिस ने शुक्रवार को गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इनके पास से करीब एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा और 1940 रुपये नकद बरामद किए। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है।




पुलिस को यह कामयाबी रेलवे कॉलोनी स्थित आरपीएफ बैरक के पास मुखबिर की सूचना पर मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्ध युवकों को धर दबोचा। तलाशी लेने पर दोनों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत थाना प्रेमनगर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित (22) पुत्र साहिब लाल और पिंटू शर्मा (21) पुत्र मस्तराम शर्मा के रूप में हुई है।

दोनों आरोपी रदौली, थाना कोतवाली, जनपद अयोध्या के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। यह बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# उच्च न्यायालय जबलपुर ने कलेक्टर के आदेश को किया निरस्त

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया ---उमरिया जिले के पाली विकास खंड में खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह को कलेक्टर उमरिया धरणेन्द जैन के व्दारा खंड शिक्षा अधिकारी के पद से हटाये जाने के आदेश पर उच्च न्यायालय जबलपुर के माननीय विव्दान न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने कलेक्टर उमरिया के आदेश को त्रुटि पूर्ण मानते हुए रद्द कर दिया है ।विदित होवे कि उमरिया कलेक्टर व्दारा खंठ शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह का तबादला आदेश क्र 6353 दिनांक 15-4-25 को खंड शिक्षा कार्यालय पाली से सहायक आयुक्त कार्यालय उमरिया कर दिया गया था । इस आदेश में वित्तीय गबन के आरोप लगाये गये थे , जबकि यह आरोप लगाने के पहले कलेक्टर व्दारा खंड शिक्षा अधिकारी को न तो नोटिस जारी कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गयी और न ही उन्हें सुनवाई का अवसर दिया गया ,जिसे उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति ने कलंक पूर्ण मानते हुए रद्द कर दिया है । दस दिन पूर्व पारित इस आदेश के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी के स्थान पर पदांकित श्रीमती सरिता जैन इस पद पर बनी हुई है । ध्यान देने योग्य है कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद तत्काल सरिता जैन को हटाकर राणा प्रताप सिंह को पदस्थ किया जाना चाहिए लेकिन अभी तक बदलाव न होने के पीछे के राज रहस्य मय बने हुए हैं ।

# पत्नी की हत्या का मामला सुलझा आरोपी छोटेलाल कोल 24घंटे में ब्यौहारी पुलिस की गिरफ्त में

**दैनिक समाज जागरण**

ब्यौहारी थाना अन्तर्गत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 9.5.2025को, फरियादी रामप्रकाश कोल पिता बाल्मीक कोल उम्र 35वर्ष निवासी ग्राम खड्डा द्वारा थाना ब्यौहारी में उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 8.5.2025को,भांजी सुधा कोल कों पति छोटेलाल कोल ने भल्लू उर्फ अमृत लाल कोल के साथ पकड़ लिया था इस बात को लेकर छोटे लाल द्वारा राड एवं डंडा से पत्नी सुधा कोल के साथ मारपीट किया जिस कारण भांजीं सुधा कोल की मृत्यु हो गई फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यौहारी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम एवं फारेंसिक टीम शहडोल द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा मृतिका के शव का पंचनामा कर पी यम जांच कराया गया जिसमें मृतिका की हत्या किये जानें की पुष्टि हुई हैं प्रकरण की विवेचना के आधार पर आरोपी छोटेलाल कोल पिता सूरज कोल निवासी जुनिया मोहल्ला ब्यौहारी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित



पायें जानें 02टीमे गठित कर आरोपी छोटेलाल की तलाश की गई तथा आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ के दौरान आरोपी छोटेलाल कोल द्वारा लोहे की राड एवं डंडे से पत्नी सुधा कोल एवं भल्लू उर्फ अमृत लाल कोल के साथ मारपीट करना तथा सुधा कोल की मारपीट कर हत्या कर देना स्वीकार किया गया आरोपी छोटेलाल कोल से घटना में प्रयुक्त लोहे की राड एवं लकड़ी का डंडा जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं दिनांक 10.5.2025को, न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही एस डी ओ.पी, ब्यौहारी के दिशा निर्देशन में ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई हैं कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी अरुण कुमार पाण्डेय एवं अधिनस्थ स्टाप उनि.वीरेन्द, तिवारी प्र आर.नरेन्द, उपाध्याय आर.संजय.द्विदी.आर.अजीत.यादव,आर.अमृत.यादव.आर.पुष्पेन्द.सिह,की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# लोक अदालत में 65 प्रकरण सुलझने से 165 लोग हुए लाभांवित

**दैनिक समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली ----व्यवहार न्यायालय पाली में आयोजित लोक अदालत में आज 65 प्रकरणों में 165 पक्षकार लाभांवित हुए ,साथ ही 1366035 रुपए की वसूली की गयी । व्यवहार न्यायालय पाली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय पाली में लोक अदालत का आयोजन किया गया ।लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर व्यवहार न्यायालय बिरसिंहपुर पाली के माननीय न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती पूजा गोले जी एवं कनिष्ठ



खंड के माननीय न्यायाधीश गोपाल नंदन पाल के साथ पाली तहसील के विव्दान अधिवक्ता और पक्षकार , पीड़ितो की उपस्थिति में हुआ । आज के लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के कुल 278 प्रकरण रखें गये थे जिनमें से 58 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 58 लोग लाभान्वित हुए । इस लोक अदालत में न्यायालय श्रीमती पूजा गोले व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से कुल 43 प्रकरणों का निराकरण किया गया , जिसमें 110 पीड़ितों को अविलंब न्याय मिला, साथ ही श्री गोपाल नंदन पाल व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड के अदालत के 22 प्रकरणो का निराकरण किया गया जिसमें 55 लोग लाभान्वित हुए । यह लोक अदालत इस सत्र का दूसरी लोक अदालत है ।

# *आपसी रजामंदी से नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ मानपुर द्वारा 35 प्रकरणों के निराकरण सहित रोशनी और रवि के दांपत्य जीवन को फिर से किया गया रोशन

**दैनिक समाज जागरण**

मानपुर।आम जन तक शुलभ न्याय पहुंचने की अवधारणा को लेकर आज दिनांक 10 मई को विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय परिसर मानपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय अपूर्व मेहरोत्रा जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर सुलहकर्ता अधिवक्ता सतानंद पटेल वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद चतुर्वेदी तहसील अधिवक्ता संघ के सचिव अनिरुद्ध मिश्रा पूर्व अध्यक्ष कुसलेंद्र कुमार तिवारी आशुतोष त्रिपाठी नागेंद्र पटेल भैयालाल चौधरी अशोक वर्मा रामसरोवर जायसवाल बीडी प्रभाकर मुन्नालाल चौधरी हीरालाल सूर्या अजय द्विवेदी श्रद्धा द्विवेदी यज्ञ सिंह परिहार शिवशरण पटेल मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए आपसी राजीनामे से 35 प्रकरणों का निराकरण कराया साथ ही एमजीसी-1/2025 से संबंधित प्रकरण रोशनी वर्मन बनाम रवि शंकर वर्मन के बीच चल रहे विवाद को वापसी सहमति के आधार पर सुलह कराकर पुनः खुशहाल दांपत्य जीवन स्थापित कराने का मानसेवी कार्य किया,लोक अदालत के समापन पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कुसलेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।*

# पाली साशकीय महाविद्यालय में जन अभियान परिषद् द्वारा "एकात्म पर्व" का आयोजन

## आदि शंकराचार्य स्वामी पर हुआ व्याख्यान

**दैनिक समाज जागरण**



उमरिया:--- संपूर्ण आर्यावर्त में सनातन धर्म के प्रणेता एवं धर्म ध्वजा के वाहक आदि शंकराचार्य स्वामी जी की जन्म जयंती पखवाड़े के आयोजन को लेकर जन अभियान परिषद पाली द्वारा एकात्म पर्व का आयोजन विकास खंड समन्वयक श्रीमती पुष्पा टेकाम एवं उनके सहयोगियों द्वारा शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली दिनांक 10/ 05/2025 को म प्र जन अभियान परिषद् से जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला मुख्य आतिथ्य पंडित विजय तिवारी , महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर रामकृष्ण झा ,प्रोफेसर त्रिभुवन गिरी ,मां विराशनी देवी मंदिर मुख्य पुजारी गोपाल पंडा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे साथ ही जन अभियान परिषद जिला उमरिया के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के निर्देशन में किया गया । कार्यक्रम मे नगर सेविका राष्ट सेविका समिति की नगर कार्यवाहिका श्रीमती छाया साहू ,जन अभियान परिषद ब्लॉक स्मानव्यक श्रीमती पुष्पा टेकाम ने आदि शंकराचार्य जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आचरण पर चलने हेतु संदेश दिया , वहीं उक्त कार्यक्रम के आदि तथा उनके मुख्य कथन ब्रम्ह सत्यं जगतमिथ्या को विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा हिन्दुओं की एकता को बनाए रखने एवं उसे मजबूत करने हेतु उनके द्वारा भारत भूमि पर चारो दिशाओं में ज्योतिर्मठ,श्रेंगेरीमठ शारदा मठ तथा गोवर्धन मठ की स्थापना पर चर्चा की गई । उनके द्वारा बताए गए, ब्रह्म सत्यं जगतमिथ्या,अहं ब्रम्हास्मि, ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग,मन ही बन्धन और मुक्ति का कारण, अपने कर्तव्यों का पालन ही धर्म,शरीर नश्वर एवं आत्मा अमर है, वैराग्य ही सच्चे ज्ञान की पहली सीढ़ी, ईश्वर को अपने अंदर ही खोजने, आत्मा को जान लेना ही सब कुछ जान लेना तथा मौन को एक प्रकार की पूजा जैसी बातों को चरितार्थ कर भारतीय दर्शन के महान दार्शनिक एवं सनातन धर्म के प्रमुख वेत्ता स्वामी शंकराचार्य जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई संपूर्ण कार्यक्रम के पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित श,बी एस डब्ल्यू एम एस डब्ल्यू कक्षाओं के मेंटर संजय साहू ,शशि साहू,कोश्लेश सूर्यवंशी ,उषा प्रजापति , अर्चना मिश्रा ,छात्र छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।कार्यक्रम का संचालन मेंटर संजय साहू द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन कोश्लेश सूर्यवंशी के द्वारा किया गया

# राजेन्द्रग्राम पुलिस ने 152 लीटर देशी/अंग्रेजी अवैध शराब किया जप्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। दिनांक 08/05/2025 को मुखबिर से सूचना मिली की एक सफेद रंग की बोलेरो जिसका नंबर MP 18 T 3186 है जिसमें अवैध शराब लेकर अनूपपुर तरफ से आकर धनपुरी मजीठा रोड तरफ जा रही है तभी थाना राजेन्द्रग्राम की पुलिस द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये तत्काल मौके पर रवाना होकर धनपुरी रोड पहुंचे तो एक सफेद रंग की बोलेरो काफी तेजी से भागते दिखा जिसका पीछा किये तो उक्त बोलेरो वाहन मजीठा रोड तरफ जाते दिखी तब मजीठा गांव की रोड पर बोलेरो वाहन का पीछा किये तो उक्त बोलेरो वाहन का चालक पुलिस को देखकर तेजी से वाहन को चलाते हुये मजीठा हार की तरफ जाने वाले रास्ते पर ले गया मजीठा हार में बनी पुरानी सूखी नहर के आगे रास्ता न होने से नहर के पास बोलेरो को छोड़कर जंगल तरफ तेजी से भागा जिसका पीछा किये किन्तु जंगल झाड़ियों का फायदा उठाकर भागकर फरार हो गया। मौके पर गवाहों के समक्ष वाहन की तलाशी ली गयी जो वाहन के पीछे की सीट पर खाकी रंग के कागज के 14 नग कार्टून की पेटी में देशी/अंग्रेजी शराब भरे होना



पाया गया। प्रत्येक कार्टून को चेक करने पर एक कागज के कार्टून में देशी प्लेन मदिरा के पाव 50 नग प्रत्येक पाव में 180 ML शराब प्रत्येक की कीमत 70 रुपए कुल कीमती 3500/- रुपए की, दो कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब जीनियस व्हिस्की कंपनी की 99 नग प्रत्येक 180 ML शराब प्रत्येक की कीमत 130 रुपए कुल कीमती 12870/-रुपए की, 02 कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब ब्लूचिप कंपनी की 97 नग प्रत्येक 180 ML शराब प्रत्येक की कीमत 130 रुपए कुल कीमती 12610/- रुपए की तथा 09 कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब बीयर पावर 10000 कंपनी की 216 नग प्रत्येक 500 ML शराब प्रत्येक की कीमत 120 रुपए कुल कीमती 25920/- रुपए की कुल देशी/अंग्रेजी शराब 152 लीटर 280 ML कुल कीमती 54,900/- रुपए का एवं एक बोलेरो वाहन क्रमांक MP 18 T 3186 कीमती 8,00,000 को मौके से जप्त किया गया। वाहन बोलेरो क्रमांक MP 18 T 3186 के फरार आरोपी चालक का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का दंडनीय पाये जाने से अपराध क्रमांक 91/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान फरार आरोपी चालक दिनेश सिंह मार्को पिता रामकृपाल सिंह मार्को उम्र 47 साल निवासी करनपठार की पता तलाश की जाकर 24 घंटे अंदर दिनांक 09/05/2025 गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ़ निर्देशन पर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार बरकरे, उपनिरीक्षक लियाकत अली, सउनि दीपचन्द बर्मन, आर. 245 छोटेलाल साहू, आर. 267 दुर्गेश सिन्द्राम का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पशु तस्करों के अवैध निर्माण पर कार्यवाही के लिए धरने पर बैठा बजरंग दल

## नोटिस के बाद कार्यवाही के दिन नपा कर्मचारियों ने बंद किया फोन

**दैनिक समाज जागरण**



अनूपपुर। अनूपपुर जिला अंतर्गत कोतमा नगर पालिका में विगत कुछ दिनों से पशु तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर विरोध स्वर छिड़े हुए थे, नगर पालिका द्वारा नोटिस देकर तीन दिवस के भीतर अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही करने के संकेत दिए थे जिसके बाद पशु तस्करों के विरुद्ध का इंतजार कर रहे थे लेकिन जब कार्यवाही का समय आया तो नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के फोन बंद हो गए और कार्यवाही स्थल पर नगर पालिका कर्मचारी नहीं पहुंचे जिससे आक्रोशित होकर कोतमा नगर के गांधी चौक में बजरंग दल द्वारा धरना प्रदर्शन कर तत्काल कार्यवाही की मांग नोटिस के आधार पर की जा रही है। बजरंग दल का कहना है कि जब वार्ड क्रमांक 4 में बने बिना परमिशन के निर्माण को बिना किसी नोटिस दिए तोड़ा दिया गया तो फिर पशु तस्करों के बिना परमिशन निर्माण को नगर पालिका क्यों संरक्षण दे रही है। हाल ही में बिना परमिशन निर्माण पर चला था बुलडोजर नगर पालिका प्रशासन कोतमा द्वारा हाल ही में वार्ड क्रमांक 4 में अरुण तिवारी के हो रहे निर्माण पर बिना परमिशन निर्माण किए जाने का हवाला देकर त्वरित कार्यवाही कर दी गई थी अरुण तिवारी ने आरोप लगाए थे कि बिना नोटिस के हमारे निर्माण अधीन स्वयं के स्वामित्व पर प्रशासन ने तानाशाही करते हुए बुलडोजर चलाया है वहीं अब कोतमा के गांधी चौक में बजरंग दल बैठकर नोटिस के बाद नगर पालिका द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि आखिर एक ही नगर में दो अलग-अलग कानून कैसे बनाए गए हैं आखिर सप्ताह भर पहले तोड़े गए तिवारी के मकान पर सुप्रीम कोर्ट का गाइडलाइन का हवाला नगर पालिका द्वारा क्यों नहीं दिया गया। बल्लू वाजिद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े बजरंग दल कार्यकर्ता कोतमा गांधी चौक पर शनिवार को आंदोलन पर बैठे बजरंग दल के कार्यकताओं ने पशु तस्करी में संलिप्ट बल्लू वाजिद की गिरफ्तारी की मांग की है बजरंग दल के कार्यकताओं का कहना है कि अवैध हथियारों के साथ पाए गए पशु तस्करों के विरुद्ध कानून कारवाई की जाए लेकिन उक्त पशु तस्करों के सर का नाम बालू और वाजिद के ऊपर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और पुलिस द्वारा उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए बजरंग दल के कार्यकताओं ने आंदोलन के दौरान मांग की है कि जिस जगह अवैध हथियार और मांस के टुकड़े मिले हैं उक्त जगह पर कानून कार्यवाही तत्काल की जाए और नगर पालिका ने तीन दिवस का नोटिस जारी किया था तो तीन दिवस उपरांत निर्माण हटाए जाए। जिम्मेदार अधिकारियों ने बंद किया फोन, नपा अधिकारियों से बातचीत करने के लिए अड़े कार्यकर्ता कोतमा नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उक्त मामले को लेकर गैर जिम्मेदार रवैया देखा गया शनिवार को दोपहर से ही नगर पालिका के प्रमुख और बड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों के फोन स्विच ऑफ पाए गए या फिर कॉल करने पर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया गैर जिम्मेदार रवैया के कारण बजरंग दल के कार्यकर्ता और आवेश में आकर नगर पालिका कर्मचारियों से जारी की गई नोटिस पर माफी मांगने की बात कहीं की गई। खबर लिखे जाने तक शाम 7:00 बजे तक बजरंग दल के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर डटे हुए थे और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्यवाही की मांग कर रहे थे।

# हाईवे मार्ग में डीजल चोरी की घटनाएं में हो रही बढ़ोतरी

**दैनिक समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले के शहडोल बुढार हाईवे पर डीजल चोरी की घटनाएं फिर से बढ़ने लगी हैं। हाल ही में सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रक से 220 लीटर डीजल चोरी होने का मामला सामने आया है, जिससे स्थानीय पुलिस और ट्रक चालकों में चिंता बढ़ गई है। पुलिस के अनुसार, जबलपुर से कोतमा जा रहा ट्रक चालक शिवकुमार यादव ने सुबह 4:00 बजे अपने वाहन को एक रिसॉर्ट के सामने खड़ा किया और आराम करने लगा। जब वह जागा, तो देखा कि डीजल टैंक खुला हुआ था और उसमें से डीजल गायब था। पुलिस ने चालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, चोरी की गई डीजल की कीमत लगभग 20 हजार रुपये है। चोरी की घटनाओं की बढ़ती संख्या शहडोल बुढार हाईवे पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी की यह वारदातें कोई नई बात नहीं हैं। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके कारण पुलिस को कुछ संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी थी। फिर भी, सुरक्षा उपायों की कमी के कारण चोरों के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं। चालकों की चिंताएं डीजल चोरी के बढ़ते मामलों ने ट्रक चालकों में भय पैदा कर दिया है। ट्रक चालक शिवकुमार यादव ने कहा, यह बहुत चिंताजनक है कि हम अपनी गाड़ी को सुरक्षित जगह पर भी छोड़ नहीं सकते। हमें अपनी जान के साथ-साथ अपने सामान की सुरक्षा की भी चिंता है। एक अन्य चालक ने कहा, अगर पुलिस सुरक्षा नहीं बढ़ाती, तो हमें अपने वाहनों को छोड़ने में कठिनाई होगी। ऐसी स्थिति में हमें रात भर जागकर अपने ट्रकों की निगरानी करनी पड़ेगी। थाना प्रभारी सोहगपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने इस संबंध में बताया कि ट्रक चालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। शहडोल बुढार हाईवे पर डीजल चोरी की घटनाओं ने फिर से एक बार ट्रक चालकों और पुलिस को चिंता में डाल दिया है। पुलिस प्रशासन की तत्परता और स्थानीय समुदाय के सहयोग से ही इन अपराधों पर काबू पाया जा सकता है

# पुलिस ने आयोजित की पत्रकार वार्ता

## भ्रामक खबरों के प्रचार से बचें --- बोहित

**दैनिक समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली--- बिरसिंहपुर पाली थाना में आज पत्रकार वार्ता का आयोजन कर देश की वर्तमान विषम परिस्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि हम सबको ऐसी खबरों के प्रचार-प्रसार और उस पर अपनी प्रतिक्रिया देने से बचें,जो सत्य पर आधारित न हो और उनसे समाज में सदभाव को ठेस पहुंचे । उक्ताशय के उदगार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस सी बोहित पाली ने व्यक्त किए । पाली थाना के नगर निरीक्षक मदन लाल मरावी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की वर्तमान स्थिति में हम सबको अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने की जरूरत है , अगर आपके संज्ञान में ऐसी कोई खबर, चित्र आते हैं तो आप प्रेषक को समझाते हुए उसकी सूचना संबंधित थाना में देना सुनिश्चित करें तो बेहतर होगा । ग्रुप एडमिन इस बात की चौकसी बरतते की कोई भी आपत्ति जनक पोस्ट न डाले । अगर कोई पोस्ट आती है तो उसे तत्काल आल डिलीट करें

# पवित्र नगरी अमरकंटक में आज रिमझिम वर्षा

**दैनिक समाज जागरण**



अमरकंटक । पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में आज दूसरे दिन भी शायं काल 5: बजे से हल्की फुल्की रिमझिम रिमझिम वर्षा हुई हल्की बूंदाबांदी रिमझिम फुहार के चलते आज फिर तापमान में गिरावट आ गई फल स्वरुप मौसम खुशनुमा ठंडक भरा हो गया परिणाम स्वरूप सुहाने मौसम का लुत्फ उठाने बाहर से आए पर्यटक तीर्थ यात्री एवं सैलानी सपरिवार कोटि तीर्थ घाट गांधी कुंड एवं रामघाट में डुबकी लगाते स्नान करते रहे बच्चे एवं युवा मौसम का भरपूर आनंद लेते रहे । बिलासपुर एवं रायपुर तथा जबलपुर से आए पर्यटक सैलानी ने कहा कि पवित्र नगरी अमरकंटक का मौसम तो बेहद सुहाना खुशनुमा है हमारे यहां तो भारी गर्मी पड़ रही है अमरकंटक के मौसम का जानकारी मिलने पर यहां आए हैं हम जिस होटल लॉज में रुके हैं वहां पर कूलर एसी चलाने की आवश्यकता ही महसूस नहीं हो रही मात्र पंखे से काम चल जाता है रात्रि में ओढना पड़ रहा है।। उल्लेखनीय है कि अमरकंटक में इन दिनों लगभग प्रत्येक दिन वर्षा हो जा रही है फलस्वरूप स्वरुप भारी मौसम यहां का सुखद सुहाना हो जा रहा है इस कारण गर्मी जैसा एहसास नहीं हो रहा । आज पवित्र नगरी अमरकंटक में एक बार फिर शायंकाल 5: बजे से 15 मिनट तक हल्की बूंदाबांदी रिमझिम वर्षा हुई है। इसके पूर्व तेज हवाएं चलती रहे इस कारण कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था बाधित हुई जो कुछ देर बाद फिर से बहाल हो गई।

# अनूपपुर एसडीएम होंगे कमलेश पुरी,संभाला पदभार

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर / मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश पर जिला मऊगंज से स्थानांतरित होकर आए डिप्टी कलेक्टर श्री कमलेश पुरी को कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनूपपुर पदस्थ करते हुये श्री अजीत तिर्की, संयुक्त कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी कोतमा को अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर के दायित्वों से मुक्त किया है। आदेश के परिपेक्ष में नवागत एसडीएम अनूपपुर ने अपना पदभार संभाल लिया है।

# श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं ने मोहा ।

**दैनिक समाज जागरण उमरिया**

जिले के ग्राम घोघरी में उमाशंकर गौतम के निज निवास में चल रही भागवत कथा में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के मंचन ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। । श्री कृष्ण भगवान ने अपने हाथ की तर्जनी उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाने की मनमोहक लीला की। श्री कृष्ण ने जैसे ही गोवर्धन पर्वत उठाया कथा स्थल तालियों की आवाज एवं कन्हैया जी के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा करके श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन भगवान का 56 भोग लगा पूजन कर परिक्रमा लगाई। कथा में व्यासपीठ से कथावाचक परम पूज्य डॉक्टर रामनारायण आचार्य मिश्र गुरु जी महाराज के मुख्य आचार्य ने कहा कि कलयुग में केवल भगवान का नाम जाप करने से ही जीव को मुक्ति प्राप्त हो जाती है। इसलिए सभी लोग भगवान के नाम का आधार बनाकर इस संसार रूपी भवसागर से पार उतर सकते हैं। भक्तों की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाए रखा। भगवान श्री कृष्ण को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है, गोवर्धन पर्वत उठाने के कारण सात दिनों तक भोग नहीं लगाया जा सका, इसलिए बाद में उनको एक साथ छप्पन भोग अर्पित किए गए। व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन अर्चन पुरोहितों द्वारा संपन्न कराया। शनिवार को गोपी गीत श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह महोत्सव हुआ जिसमें भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण पान किया । रविवार को श्री सुदामा चरित्र श्री कृष्णा उद्धव संवाद परीक्षित मोह एवं अग्नि स्थापन एवं सोमवार को प्रातः है हवन पूर्णिमा होती तर्पण मार्जन एवं मध्यान ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा । इस धार्मिक पुनीत आयोजन में प्रमुख श्रोता श्रीमती सुमित्रा एवं राजेंद्र गौतम एवं श्रीमती कौशल्या गौतम है ।इस दौरान पुरुषोत्तम गौतम, श्याम बिहारी ,श्रीमती रजनी रामनिवास, आरती दुबे, विनोद गर्ग ,केपी मिश्रा, संतोष गौतम ,आप शुक्ला ,शिव गोविंद गौतम ,रामकृष्ण, पारस श्री कृष्णा ,श्री राम राजेश ,राम भरोसे केशव ,नीरज ,प्रवीण, हर्षित प्रभात गौतम, प्रवीण शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने मॉस्को, रूस की अपनी यात्रा के दौरान विजय दिवस समारोह में भाग लिया

रूसी राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन से भेंट की रक्षा राज्य मंत्री ने राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने 08 से 09 मई, 2025 तक रूस की अपनी यात्रा के दौरान विजय दिवस समारोह में भाग लिया। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध (1941-45) में सोवियत लोगों की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 09 मई, 2025 को मास्को में आयोजित किया गया था। श्री संजय सेठ ने अज्ञात सैनिक की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा अन्य देशों के विशिष्ट प्रतिनिधियों के साथ विजय दिवस परेड देखी। विजय दिवस परेड में रक्षा राज्य मंत्री की भागीदारी भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है। यात्रा के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन से भेंट की और 80वें विजय दिवस की बधाई दी। सूट पहने एक व्यक्ति दूसरे सूट पहने व्यक्ति से हाथ मिला रहा हैविवरण स्वचालित रूप से उत्पन्न हुआ रक्षा राज्य मंत्री ने रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की और राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में उनके समर्थन के लिए रूस की सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया। दोनों मंत्रियों ने बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर भी चर्चा की और मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्ष नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती परिस्थितियों में सहयोग बढ़ाएंगे।

श्री संजय सेठ ने मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्यों के साथ भी बातचीत की।